www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:52 बजे
सूर्यास्त शाम 5:24 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-73 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-1 रूपये ● मंगलवार 18 नवंबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने प्रदेश फोरेस्ट टीम को दी लिए बधाई

**शिमला**| देहरादून में 12 से 16 नवम्बर 2025 तक आयोजित अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश फोरेस्ट टीम को बधाई दी। टीम ने छह स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर समग्र प्रदर्शन में 10वां स्थान और मार्च-पास्ट में दूसरा स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान कर रही है।

### अमेरिका का ड्रग विरोधी अभियान तेज

**न्यूयॉर्क**| अमेरिका ने पूर्वी प्रशांत महासागर में ड्रग तस्करी रोकने के अभियान के तहत एक संदिग्ध नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह पिछले 75 दिनों में ऐसा 21वां हमला है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान में अब तक 83 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका का दावा है कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा और नशीले पदार्थों की आपूर्ति रोकने के लिए आवश्यक है, जबकि मानवाधिकार संगठन और कई सहयोगी देश इस पर कानूनी और नैतिक सवाल उठा रहे हैं। क्षेत्र में USS Gerald R. Ford विमानवाहक पोत की तैनाती से तनाव और बढ़ा है।

### योगराज सिंह बोले खाने के लिए भी दूसरों पर निर्भर हूं

**दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर योगराज सिंह ने अपनी अकेली जिंदगी का दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि घर में कोई न होने के कारण वह खाने तक के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं। योगराज ने स्वीकार किया कि पत्नी और बेटे युवराज के अलग होने ने उन्हें सबसे बड़ा झटका दिया और वह आज भी वजह नहीं समझ पाए। अपनी पहली शादी टूटने, दूसरी शादी के बाद बच्चों के विदेश चले जाने और करियर के उतार-चढ़ाव पर उन्होंने कहा कि जीवन घूमकर फिर वहीं लौट आया है, जहां से शुरू हुआ था।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# बांग्लादेश में आईसीटी ने सुनाई शेख हसीना को मौत की सजा

## शेख हसीना ने कहा- ये फैसला पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित

**एजेंसी/समर न्यूज । ढाका/ नई दिल्ली**



*बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके देश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी-बीडी) ने मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी पाते हुए मौत की सजा सुनाई है। जबकि बाकी मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। यह फैसला कई महीनों चले ट्रायल के बाद आया, जिसमें निष्कर्ष निकला कि उन्होंने पिछले साल छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह पर घातक दमन के आदेश दिए थे। हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध और वॉर क्राइम के 5 आरोप हैं। इनमें हत्या, अपराध रोकने में नाकामी और मानवता के खिलाफ अपराध सबसे अहम हैं।*
*उनके सह-आरोपियों पूर्व गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-ममून के फैसलों पर अभी आदेश लंबित हैं। अभियोजन पक्ष तीनों के लिए मौत की सजा की मांग की। असदुज्जमान खान को भी 12 लोगों की हत्या का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई। अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल के जेल की सजा सुनाई। ममून हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन चुके हैं। कोर्ट ने हसीना और असदुज्जमान कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश दिया है। अल-ममून सोमवार को अदालत में मौजूद एकमात्र आरोपी थे। उन्होंने जुलाई में पिछले साल की अशांति में अपनी भूमिका के लिए दोष स्वीकार कर लिया था और राज्य गवाह के रूप में बयान दिया था। हसीना के फैसले को लेकर बांग्लादेश में हिंसा जारी है। वहां की सरकार ने हाई अलर्ट की घोषणा कर दी है। ढाका में 15 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इन्हें हिंसक प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश दिया गया है।*
*इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत में निर्वासन के दौरान रह रहीं शेख हसीना एक न्यूज चैनल को बयान दिया कि आईसीटी के पास लोकतांत्रिक अधिकार नहीं है। ये फैसला पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित है।*

***चुनाव रोकने के लिए सड़क पर उतरेंगेः हसीना का बेटा***

*ढाका में फैसला सुनाए जाने से पहले सुरक्षा कड़ी कर दी गई, क्योंकि रविवार को राजधानी में कई कच्चे बम फटे थे। पुलिस के अनुसार कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इन धमाकों ने शहर में पहले से जारी अशांति को और बढ़ा दिया। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने आगज़नी, विस्फोट या पुलिस व नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए। सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और दंगा-रोधी पुलिस बल तैनात किए गए, जबकि अब भंग हो चुकी अवामी लीग ने दो दिन के बंद का ऐलान किया। हसीना के बेटे और सलाहकार सजीब वाज़ेद ने चेतावनी दी कि यदि अवामी लीग पर लगा प्रतिबंध नहीं हटाया गया, तो समर्थक फरवरी में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव को रोकने के लिए सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि फैसले से पहले विरोध और तेज़ हो सकते हैं। बता दें कि हसीना अगस्त 2024 में बांग्लादेश छोड़कर भाग गई थीं और तब से नई दिल्ली में निर्वासन में रह रही हैं।*

**हसीना की राजनीतिक यात्रा**

बांग्लादेश की सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना पहली बार 1980 के दशक में लोकतंत्र समर्थक नेता के रूप में उभरीं, जब उन्होंने सैन्य शासन को चुनौती दी। वह पहली बार 1996 में प्रधानमंत्री बनीं। उनका दूसरा कार्यकाल जो 2009 में शुरू हुआ, अतिरिक्त-न्यायिक हत्याओं, जबरन गुमशुदगी और असहमति पर अंकुश लगाने के आरोपों से विवादों में रहा, जो उनकी शुरुआती लोकतांत्रिक छवि से बिल्कुल अलग था। हसीना ने पिछले साल सरकार विरोधी प्रदर्शनों में हुई मौतों को "दुखद" बताया है।

# सऊदी अरब में मदीना के पास हुई बस-टैंकर की टक्कर

## इस दुर्घटना में 42 भारतीयों के मारे जाने की आशंका

**एजेंसी। मदीना**



सऊदी अरब में मदीना के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें उमरा तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस एक डीजल टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम 42 लोगों के मारे जाने की आशंका है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, मरने वालों में कई भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।बताया जा रहा है कि यह बस मक्का से मदीना जा रही थी और भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे मुफरिहत क्षेत्र के पास यह टक्कर हुई।
खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, बस में सवार अधिकांश यात्री तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले थे। यह समूह मक्का में अपने धार्मिक अनुष्ठान पूरा करने के बाद मदीना जा रहा था। गल्फ न्यूज़ की रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे के समय कई यात्री सो रहे थे, जिससे उन्हें बचने का मौका नहीं मिल पाया। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि मरने वालों में कम से कम 11 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हो सकते हैं, हालांकि अधिकारियों द्वारा संख्या की पुष्टि अभी बाकी है। राहत कर्मियों का कहना है कि बस पूरी तरह जल जाने के कारण मृतकों की पहचान करना बहुत कठिन हो रहा है। कुछ अपुष्ट खबरों में यह दावा भी किया गया है कि एक व्यक्ति जीवित बच गया, लेकिन उसकी स्थिति के बारे में अभी जानकारी नहीं है।सामने आई ओवैसी की प्रतिक्रिया हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बताया कि बस में 42 उमरा तीर्थयात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि वह रियाद स्थित भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ़ ऑफ़ मिशन अबू मैथन जॉर्ज के संपर्क में हैं, जिन्होंने उन्हें जानकारी जुटाने का आश्वासन दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों अल-मीना हज एंड उमरा ट्रैवल्स के माध्यम से गए लगभग 16 उमरा यात्रियों की इस हादसे में मौत हो गई। ओवैसी ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि मृतकों के शव जल्द से जल्द भारत लाए जाएँ और घायलों को उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए।

***सरकार की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी***

*तेलंगाना सरकार ने बताया है कि वह रियाद स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में है। मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी ने दिल्ली स्थित अधिकारियों को दूतावास के साथ निकट समन्वय रखने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने यह भी कहा कि तेलंगाना से कितने लोग इस हादसे में प्रभावित हुए हैं, इसकी जानकारी जुटाने के लिए रेज़िडेंट कमिश्नर को लगाया गया है। राज्य सचिवालय में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। सरकार ने पीड़ितों के परिवारों की मदद के लिए +91 7997959754, +91 9912919545 नंबर जारी किए हैं। जेद्दा में भारतीय दूतावास ने भी 24×7 कंट्रोल रूम बनाया है और सहायता के लिए एक टोल-फ्री नंबर 8002440003 जारी किया है।*

***भारतीयों की मौत पर पीएम मोदी ने जताया शोक***



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी अरब के मदीना में हुए सड़क हादसे में भारतीय नागरिकों की मौत पर गहरा दुख जताया। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं।" जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के समय बस के अधिकांश यात्री सो रहे थे।*

***विदेश मंत्री ने हादसे पर दुख जताया***

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के शामिल होने वाला यह हादसा बेहद पीड़ादायक है। जयशंकर ने बताया कि रियाद स्थित भारतीय दूतावास और जेद्दा का भारतीय वाणिज्य दूतावास पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।*

## यूथ फेस्टिवल रंग-बिरंगे लोक नृत्य पेश करते प्रतिभागी




लुधियाना स्थित पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के इंटर-कॉलेज यूथ फेस्टिवल के आखिरी दिन थियेटर की पेशकारी देती हुई छात्राएं, जो अपनी दमदार अभिव्यक्ति और मंचीय प्रतिभा के साथ दर्शकों को जोड़ते हुए।

## बम धमाके के दोषियों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगेः शाह

**दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि लाल किला के पास हुए धमाके के जिम्मेदार आरोपियों को पाताल से भी ढूंढ निकाला जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शाह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से खत्म करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बीच, धमाके में मरने वालों का आंकड़ा सोमवार को बढ़कर 15 हो गया। आईसीयू में सात दिन तक जीवन के लिए संघर्ष करने के बाद विनय पाठक (55) और लुकमान (50) ने दम तोड़ दिया। विनय ओल्ड लाजपत राय मार्केट में खरीदारी के बाद सड़क पार कर कैब तक पहुंच रहे थे, तभी 10 नवंबर की शाम यह विस्फोट हुआ। धमाके में उनके कई महत्वपूर्ण अंग क्षतिग्रस्त हो गए थे।

## बिहार में 20 को शपथ लेगी नई सरकार, नीतीश का इस्तीफा

**एजेंसी । पटना**

बिहार में नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज़ हो गई है। विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिले भारी जनादेश के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर औपचारिक रूप से पत्र सौंपा। पत्र में 19 नवंबर को मौजूदा विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव भेजा गया है। राज्यपाल ने एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर नीतीश कुमार को शुभकामनाएं दीं। इससे पहले सोमवार को अंतिम कैबिनेट बैठक सम्पन्न हुई, जहां विधानसभा को 19 नवंबर को भंग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही सरकार गठन का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को जदयू विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। बीजेपी भी अपने विधायक दल की बैठक उसी दिन करेगी। दोनों बैठकों के बाद एनडीए की साझा बैठक आयोजित होगी, जहां विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद नई सरकार बनाने का दावा राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। गांधी मैदान में 20 नवंबर को आयोजित होने वाले समारोह में नीतीश कुमार 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति की भी पुष्टि हो चुकी है।

**नई कैबिनेट का स्वरूप**

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने जानकारी दी कि नई सरकार में कुल 36 सदस्यों वाला मंत्रिमंडल होगा। इनमें16 मंत्री बीजेपी से, 15 मंत्री जेडीयू से, 3 मंत्री एलजेपी (रामविलास) से, 1 मंत्री हम से और 1 मंत्री आरएलएम से होंगे। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं और सुरक्षा व प्रोटोकॉल के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

## कश्मीर की आवाज अब लाल किले के सामने सुनी जा रही

**एजेंसी । श्रीनगर**

पीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए धमाके को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उनका कहना है कि यह घटना देश में बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू-कश्मीर के प्रति केंद्र की नीतियों की नाकामी को उजागर करती है। महबूबा ने कहा कि सरकार ने दुनिया भर में दावा किया कि जम्मू-कश्मीर पूरी तरह शांत और सामान्य हो चुका है, पर वास्तविकता यह है कि "कश्मीर की समस्याएं अब दिल्ली के दरवाज़े तक पहुंच गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया- "आपने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह सुरक्षित बना दिया जाएगा, लेकिन आज हालत यह है कि दिल्ली ही खतरे में नज़र आ रही है। अपने बयान में महबूबा ने कहा-"धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति से भले कुछ लोगों को चुनावी फायदा मिल जाए, लेकिन देश जिस दिशा में जा रहा है, वह चिंताजनक है। युवाओं को मैं फिर कहना चाहती हूं कि हिंसा का रास्ता गलत है, इससे न सिर्फ आपकी जिंदगी, बल्कि आपके परिवार और पूरे देश का भविष्य खतरे में पड़ता है।"

**भाजपा का पलटवार**

महबूबा के बयान के बाद भाजपा ने उन पर हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आतंकियों को बचाने वाला गैंग फिर सक्रिय हो गया है। उन्होंने कहा कि महबूबा मुफ्ती पहले भी चरमपंथियों को 'निर्दोष' बताकर उनकी छवि सुधारने की कोशिश करती रही हैं। पूनावाला का आरोप है कि विपक्ष के कुछ नेता राजनीतिक स्वार्थ में आतंकवाद को हल्का दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और यह वही तुष्टिकरण की राजनीति है जिसे देश कई बार देख चुका है।

## दो बच्चियों ने अपनी कमाई बाढ़ पीड़ितों को दान की, सीएम भगवंत मान ने की सराहना

**समर न्यूज । चंडीगढ़**



जिस उम्र में बच्चे खिलौनों और टॉफियों की मांग करते हैं, उस उम्र में अमृतसर की दो नन्हीं बच्चियों 7 वर्षीय मोक्ष सोई और 6 वर्षीय श्रीनिका शर्मा ने ऐसा काम किया जिसने पूरे पंजाब का दिल जीत लिया। जन्मदिन के उपहारों के बजाय दोनों ने क्रोशिये की सुइयों से धागों में करुणा और उम्मीद बुनकर "क्रोशिए ऑफ काइंडनेस" नाम की प्रदर्शनी लगाई। यह प्रदर्शनी केवल कला प्रदर्शन नहीं थी, यह मानवीय संवेदनशीलता का संदेश थी। दोनों बच्चियों द्वारा बनाए गए हर रंगीन क्रोशिया उत्पाद में उनके मासूम दिलों की गर्माहट झलक रही थी। प्रदर्शनी समाप्त होने पर दोनों ने अपनी पूरी कमाई पंजाब के बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए दान कर दी। इस मानवीय कदम ने सभी को भावुक कर दिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मोक्ष और श्रीनिका से मुलाकात कर उनकी पहल की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ये बच्चियाँ पंजाब की असली आत्मा दयालुता, सेवा और भाईचारे की प्रतीक हैं। मान ने कहा, "इतनी कम उम्र में दर्द को समझकर मदद करना हमें सिखाता है कि इंसानियत क्या होती है। ये बच्चियाँ पूरे पंजाब के लिए प्रेरणा हैं।" यह कार्य मिशन चढ़दीकला का एक प्रेरक हिस्सा है, जिसके तहत पंजाब विनाशकारी बाढ़ के बाद फिर से खड़ा होने की जद्दोजहद में लगा है। जब बड़े लोग चर्चाओं में डूबे रहे, तब इन दोनों बच्चियों ने बिना देरी किए मदद का हाथ बढ़ा दिया। उनकी नन्हीं आँखों ने तकलीफ को पहचाना और उनके छोटे हाथों ने करुणा को रूप दिया। आज पंजाब धीरे-धीरे अपने ज़ख्म भर रहा है-घर बन रहे हैं, खेतों में उम्मीद बोई जा रही है। लेकिन असली मरहम उन दिलों से मिल रहा है जो मोक्ष और श्रीनिका जैसी मासूम आत्माओं में धड़कते हैं।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### पहली बार सरकारी कंपनियों ने किया वार्षिक आयात समझौता

# भारत एक साल के लिए खरीदेगा अमेरिका से LPG

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत ने अमेरिका के साथ लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) आयात के लिए एक महत्वपूर्ण करार किया है। सोमवार को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घोषणा की कि भारतीय सरकारी तेल कंपनियों ने पहली बार अमेरिका से एक वर्ष के लिए एलपीजी खरीदने का अनुबंध किया है। इस समझौते के तहत साल 2026 में 22 लाख टन LPG का आयात किया जाएगा, जो भारत के कुल वार्षिक आयात का लगभग 10% हिस्सा होगा।
पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह 'ऐतिहासिक शुरुआत' है और भारत की एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को विविधता देने के लिए उठाया गया एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भारत, जो दुनिया के सबसे बड़े और तेजी से बढ़ते LPG उपभोक्ता देशों में से एक है, अब अमेरिकी बाजार के लिए औपचारिक रूप से खुल गया है।




पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घोषणा की

**भारत की तीन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां**

***इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन***
***भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड***
***हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड***

ये संयुक्त रूप से इस करार का हिस्सा हैं। यह वही LPG होगी जो घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों में इस्तेमाल की जाएगी। यह आयात अमेरिका के गल्फ कोस्ट क्षेत्र से सीधे भारतीय बंदरगाहों के लिए भेजा जाएगा।

**रणनीतिक रूप से क्यों महत्वपूर्ण है यह समझौता?**

पुरी ने कहा कि यह करार ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका द्वारा लगाए गए ट्रेड टैरिफ चर्चा में हैं। इसके बावजूद LPG आयात का यह समझौता दोनों देशों के ऊर्जा व्यापार संबंधों में एक नई दिशा दिखाता है। उन्होंने बताया कि यह अमेरिकी एलपीजी का भारतीय बाजार के लिए पहला स्ट्रक्चर्ड कॉन्ट्रैक्ट है, जिसकी कीमत का निर्धारण माउंट बेलव्यू बेंचमार्क पर आधारित होगा।

**टीम इंडिया की महीनों की तैयारी के बाद हुआ करार**

ITI, BPCL और HPCL के वरिष्ठ अधिकारियों ने पिछले महीनों में अमेरिका जाकर वहां की प्रमुख ऊर्जा कंपनियों के साथ बातचीत की थी। इन चर्चाओं के सफल समापन के बाद एलपीजी आपूर्ति पर यह वार्षिक अनुबंध साइन किया गया। यह करार भारत की ऊर्जा सुरक्षा और रसोई गैस आपूर्ति को स्थिर और किफायती बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# जालंधर में लूट की वारदात, लॉटरी की दुकान में घुसे हथियारबंद युवक

समर न्यूज़ | जालंधर



शहर में अपराधियों ने बीच बाजार लॉटरी की दुकान में लूट की वारदात को अंजाम दिया। दातर से लैस लुटेरों ने गल्ले और कर्मचारियों की जेबों से नकदी निकाल ली। घटना का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। दुकान में घुसे लुटेरे, सीसीटीवी में कैद वारदातवीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग हथियार लेकर अचानक दुकान में घुसते हैं। एक लुटेरा दातर लहराता है दूसरे युवक ने शटर गिरवाकर गल्ले और जेबों से नकदी निकाल ली। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है।शीतल अंगुराल ने पुलिस और सरकार पर उठाए सवालभाजपा नेता व पूर्व विधायक शीतल अंगुराल ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया और कहा कि जालंधर पुलिस का दावा है कि शहर में लॉटरी स्टॉल नहीं चल रहे, जबकि यह वीडियो उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है।

अंगुराल ने कहा कि शहर में दड़ा-सट्टा और माफिया खुलेआम सक्रिय हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। मेरे घर के बाहर खुलवा दी लॉटरी की दुकान अंगुराल ने कहा कि लॉटरी के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें नीचा दिखाने के लिए उनके घर के बाहर ही लॉटरी की दुकान खुलवा दी गई। उन्होंने कहा कि जालंधर में एक एमएलए की कुर्बानी भी हो चुकी है, फिर भी अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगाई जा रही।

भाजपा नेता ने चेतावनी दी कि जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी। इस वीडियो के वायरल होने के बाद शहरवासियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। लोग मांग कर रहे हैं कि लूट की घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# जग्गू भगवानपुरिया का गुर्गा पुलिस मुठभेड़ में घायल

### 2 नवंबर को युवक दीप चीमा की हत्या के मामले में था नामजद

लक्की बटाला | बटाला
समर न्यूज़

पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का करीबी सहयोगी माणिक छेहरटा गोली लगने से घायल हो गया। घटना बटाला के समीप स्थित गांव सैद मुबारक कुलियां के पास हुई। डीआईजी बॉर्डर रेंज संदीप गोयल ने बताया कि थाना सिटी के एसएचओ सुखजिंदर सिंह की अगुवाई में पुलिस ने बैरिकेड लगाया था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।




पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हमलावर के पैर में गोली लग गई।

घायल आरोपी की पहचान अमृतसर निवासी माणिक छेहरटा के रूप में हुई है, जो कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के गैंग से जुड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार माणिक 2 नवंबर को बटाला के डेहरा बाबा नानक रोड पर युवक दीप चीमा की गोली मारकर हत्या करने वाले पांच आरोपियों में से एक है। इस मामले में दो अभियुक्तों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि बाकी की तलाश जारी थी। डीआईजी संदीप गोयल और एसएसपी बटाला सुहेल कासिम मीर ने घटनास्थल का दौरा कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि घायल आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड है और उस पर हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल घायल माणिक को इलाज के लिए बटाला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मकसूदा बाईपास पर ट्रक में भयानक आग

### जिम का सामान लादा ट्रक सड़क किनारे धू-धू कर जला

समर न्यूज़ | जालंधर

पंजाब के जालंधर में दोपहर मकसूदा बाईपास के पास एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक में जिम का सामान लदा हुआ था। समय रहते राहगीरों ने चालक को आग लगने की सूचना दी, जिससे उसने तुरंत वाहन साइड में खड़ा कर खुद की जान बचाई। घटना देखकर मौके पर अफरातफरी मच गई।समय रहते दमकल विभाग ने संभाली स्थितिआग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पानी और फोम की मदद से आग पर काबू पाया। थाना एक की पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की।एएसआई जसविंदर सिंह ने दी जानकारीथाना एक के एएसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 2:20 बजे ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया था। ट्रक चालक जालंधर का रहने वाला है और उसने बताया कि वाहन में जिम का उपकरण लदा हुआ था। हादसे में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है।आग लगने का कारण अस्पष्टदमकल विभाग के सब फायर अफसर अवनीश ने बताया




चलते ट्रक में लगी हुयी आग

कि दोपहर 2:15 पर कंट्रोल रूम को आग की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचने पर ट्रक के पिछले हिस्से में लपटें उठ रही थीं। टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। विभाग ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# अमृतसर के होटल में मिली महिला की लाश

### प्रेमी पर गला घोंटकर हत्या करने का शक

समर न्यूज़ | अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में एक निजी होटल से महिला की लाश बरामद होने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस को शक है कि महिला की हत्या उसके प्रेमी ने की है।

मृतका की पहचान तारानतारन की रहने वाली वीरपाल कौर पत्नी रसाल सिंह के रूप में हुई है। अवैध संबंध के चलते हुआ विवादमृतका के भाई इंदरजीत सिंह ने बताया कि वीरपाल कौर की शादी करीब सात-आठ साल पहले रसाल सिंह से हुई थी और वह दो बच्चों की मां थी।

उसने बताया कि उसकी बहन के अपने ससुराल के पड़ोस में रहने वाले गुरमीत सिंह उर्फ धर्मा के साथ अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था।

पिछले तीन महीनों से वीरपाल अपने मायके में रह रही थी। घर से बोली,ससुराल जा रही हूं, पर पहुंच गई होटलइंदरजीत सिंह ने बताया कि बीते दिन वीरपाल यह कहकर घर से निकली थी कि वह ससुराल जा रही है। कुछ समय बाद सूचना मिली कि उसकी लाश अमृतसर



वीरपाल कौर की फाइल फोटो

के एक होटल में मिली है। पुलिस को शक है कि प्रेमी गुरमीत सिंह ने उसे होटल में बुलाया और किसी विवाद के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी।

पुलिस ने दर्ज किया केस, आरोपी की तलाश जारीपुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। साथ ही हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के कारणों और घटनाक्रम की पूरी जांच की जा रही है।

# बरनाला में नशा तस्कर की संपत्ति पर चला बुलडोजर

समर न्यूज़ | बरनाला

पंजाब सरकार और डीजीपी पंजाब के आदेशों के तहत नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में बरनाला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कस्बा धनौला में एक नशा तस्कर की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाया गया। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासन की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई संपन्न हुई।आरोपी पर दर्ज हैं आठ मामलेबरनाला के एसएसपी मोहम्मद सरफराज आलम ने बताया कि संबंधित आरोपी पर नशा तस्करी के लगभग आठ मुकदमे दर्ज हैं। इससे पहले वह शराब तस्करी में भी लिप्त था और इस समय वह पुलिस की गिरफ्त में रहते हुए जेल में बंद है। अवैध संपत्ति को ध्वस्त करने से पहले उसे नोटिस जारी किया गया था।नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाईएसएसपी ने बताया कि मार्च 2025 से अब तक बरनाला पुलिस नशे के खिलाफ अभियान के तहत 9 नशा तस्करों की अवैध संपत्तियां गिरा चुकी है। अब तक करीब 300 से अधिक मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं और लगभग 650 तस्करों को जेल भेजा गया है।उद्देश्य – समाज से नशे की जड़ें खत्म करना पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मुहिम का उद्देश्य नशा तस्करी की जड़ों को समाप्त करना और युवाओं को इस बुराई से दूर रखना है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि कोई भी व्यक्ति अगर इस अवैध कारोबार से जुड़ा पाया गया, तो उसकी संपत्ति जब्त या ध्वस्त कर दी जाएगी।

# सरबजीत कौर मामले पर एसजीपीसी सदस्य की सफाई

### बीबी गुरप्रीत कौर रूही बोलीं - फाइल भेजने के बाद नहीं मिली कोई त्रुटि सूचना

समर न्यूज़ | कपूरथला

सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र के अमानीपुर गांव की सरबजीत कौर, जो करतारपुर कॉरिडोर के जरिए गुरुद्वारा दर्शन के लिए पाकिस्तान गईं थीं और वहां जाकर 'नूर जहां' नाम से निकाह कर लेने का मामला सामने आया था, अब इस पर एसजीपीसी सदस्य बीबी गुरप्रीत कौर रूही ने अपनी सफाई दी है।

उन्होंने कहा कि उनके स्तर पर प्रक्रिया नियमों के अनुसार पूरी की गई थी।पासपोर्ट और दस्तावेज़ जमा थे सहीबीबी गुरप्रीत ने बताया कि कुछ समय पहले गुरुद्वारा श्री बेर साहब में श्रद्धालुओं से यात्रा के लिए आवश्यक दस्तावेज़ मांगे गए थे। उसी में सरबजीत कौर ने भी अपना पासपोर्ट जमा किया था। स्थानीय नंबरदार से पहचान और निवास की पुष्टि करवाने के बाद फाइल एसजीपीसी को भेज दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह फाइल कभी वापस नहीं आई और न ही किसी त्रुटि की सूचना भेजी गई।यात्रियों की पृष्ठभूमि जांच सरकार का दायित्वएसजीपीसी सदस्य ने स्पष्ट किया कि संस्थान का दायित्व केवल इतना सुनिश्चित करना है कि यात्री सिख धर्म के प्रति आस्थावान और स्थायी रूप से गाँव का निवासी हो। आपराधिक पृष्ठभूमि या वैवाहिक स्थिति की जांच पंजाब सरकार और भारत सरकार के विभागों की ज़िम्मेदारी है।

उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक अकेली, तलाकशुदा या विधवा महिलाओं की यात्रा पर कोई आधिकारिक रोक नहीं है।

परिवार ने बताया — मां पाकिस्तान से लौटी नहींजब सरबजीत कौर की गैरहाज़िरी का पता चला, तो बीबी गुरप्रीत ने गाँव के नंबरदार और गुरुद्वारा रिकॉर्ड कीपर के साथ मौके पर जाकर जांच की। वहां बेटों ने बताया कि मां से उनका कोई संपर्क नहीं है और वह पाकिस्तान से लौटकर नहीं आईं।सरकार से सख्त जांच की अपीलबीबी गुरप्रीत कौर रूही ने सरकारों से अपील की कि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए यात्री दस्तावेज़ों और पहचान की कड़ी जांच की व्यवस्था की जाए, ताकि कोई और श्रद्धालु पाकिस्तान जाकर धर्म परिवर्तन न कर सके।

# होशियारपुर में बनेगा नया फायर ब्रिगेड कार्यालय

### 2 करोड़ 90 लाख की लागत से होगा निर्माण

समर न्यूज़ | होशियारपुर

पंजाब के होशियारपुर में नया फायर ब्रिगेड कार्यालय जल्द ही बनकर तैयार होगा। पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने आज कार्यालय की आधारशिला रखी।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत लगभग 2 करोड़ 90 लाख रुपये है और इसे 16 एकड़ क्षेत्र में तैयार किया जा रहा है।नया कार्यालय शहर के बाहर, सुविधा में बढ़ोतरीकैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान में फायर ब्रिगेड कार्यालय शहर के बीचोंबीच होने के कारण फायर कर्मियों को हर बार ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से गुजरना पड़ता है।

नया कार्यालय शहर से बाहर बनाये जाने से आपात स्थिति में वाहनों को आवागमन में आसानी होगी और सेवाओं का समय घटेगा।विधायक ब्रह्मशंकर जिंपा की पहलइस अवसर पर विधायक ब्रह्मशंकर जिंपा ने कहा कि नए फायर ब्रिगेड कार्यालय से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि उन्होंने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है कि वर्तमान में घंटाघर के पास स्थित थाना सिटी को पुराने फायर ब्रिगेड भवन में शिफ्ट किया जाए।

इससे न केवल प्रशासनिक कामकाज में सुगमता आएगी बल्कि शहर के बीचोंबीच पार्किंग की समस्या भी काफी हद तक कम हो जाएगी।आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा केंद्रअधिकारियों के अनुसार, नया फायर ब्रिगेड कार्यालय अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से सुसज्जित होगा, जिससे आगजनी या अन्य आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया समय और दक्षता दोनों में सुधार होगा।

# अपनी मांगों को लेकर खेत मजदूर यूनियन का धरना

समर न्यूज़ | बठिंडा

पंजाब खेत मजदूर यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर बठिंडा के डीसी दफ्तर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यूनियन के प्रांतीय नेता जोरा सिंह नसराली की अगुवाई में बड़ी संख्या में मजदूर इकट्ठा हुए और पंजाब सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।मजदूरों ने लगाया सरकार पर वादाखिलाफी का आरोपप्रदर्शनकारियों ने कहा कि पंजाब सरकार ने मनरेगा के तहत पूरे वर्ष रोजगार देने का जो वादा किया था, वह पूरा नहीं हुआ। इसके अलावा सरकार ने 2500 रुपये मासिक पेंशन और पांच-पांच मरले के प्लॉट देने का भी ऐलान किया था, लेकिन अब तक किसी भी वादे को हकीकत में नहीं बदला गया है। मजदूर नेताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों से गरीब और भूमि-विहीन परिवार भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।चेतावनी – संघर्ष होगा और तेजजोरा सिंह नसराली ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया, तो यह आंदोलन और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

# जो प्रदेश कभी दंगों से जूझता था, वही आज कानून-व्यवस्था का राष्ट्रीय मॉडल बना : योगी

लखनऊ | एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राज्य की मौजूदा स्थिति और 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश की तुलना करते हुए कहा कि जिस प्रदेश में हर कुछ दिन में दंगे भड़कते थे, जहां महिलाओं और व्यापारियों की सुरक्षा हमेशा सवालों के घेरे में रहती थी, और जहां विकास से पहले पहचान का संकट दिखाई देता था,आज वही उत्तर प्रदेश कानून-व्यवस्था के मामले में देश के सामने मिसाल बनकर खड़ा है। बीबीडी विश्वविद्यालय में मेधावी छात्रों को पदक और उपाधि प्रदान करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि कटु दवा भले ही थोड़ी देर तक कड़वी लगे, लेकिन उसका परिणाम हमेशा लाभकारी होता है। उन्होंने कहा कि कड़े निर्णयों और प्रभावी कानून-व्यवस्था के चलते आज प्रदेश में 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया है। कुछ वर्ष पहले यही प्रदेश पाँच साल में पाँच हजार करोड़ का निवेश भी आकर्षित नहीं कर पाता था।



मुख्यमंत्री ने बताया कि कभी देश की अर्थव्यवस्था में केवल आठ प्रतिशत योगदान देने वाला उत्तर प्रदेश आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें स्थान से छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुँच गया है।

कई राष्ट्रीय योजनाओं में जो राज्य अंतिम पायदान में रहता था, आज शीर्ष तीन में स्थान बनाए हुए है।

**ब्रह्मोस यूनिट और ड्रोन तकनीक का उल्लेख**

योगी आदित्यनाथ ने "ऑपरेशन सिंदूर" में उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका और यहाँ निर्मित ड्रोन की उपयोगिता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट स्थापित करने का विषय आया, तब सबसे बड़ी चुनौती भूमि उपलब्ध कराने की थी। मगर राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया कि राजधानी में ही ब्रह्मोस यूनिट के लिए जमीन मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उस समय उस भूमि का मूल्य लगभग 200 करोड़ रुपये आँका गया था, लेकिन ब्रह्मोस इकाई की स्थापना होने पर उत्तर प्रदेश को हर वर्ष 300 से 500 करोड़ रुपये तक जीएसटी मिलने की संभावनाएँ हैं—जो लंबे समय में राज्य के लिए कहीं अधिक फायदेमंद सौदा है।

**उत्तर प्रदेश—नई तकनीकों का केंद्र**

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर और उभरती हुई तकनीकों का नया केंद्र बन रहा है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया कि एआई, ड्रोन तकनीक और रोबोटिक्स जैसे विषयों में तीन, छह और बारह महीने के कोर्स शुरू किए जाएँ, ताकि प्रदेश का युवा इन क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बना सके।

# पीआरटीसी कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

समर न्यूज़ | बठिंडा

पंजाब रोडवेज़ और पनबस कर्मचारियों ने सोमवार से पूरे राज्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए ठेका आधारित बस सेवा प्रणाली का विरोध किया है।

हड़ताल के चलते पंजाब भर में बसों का संचालन पूरी तरह ठप हो गया, जिससे हजारों यात्री बस अड्डों पर फंसे रहे।27 डिपो की सभी बसें खड़ीबठिंडा बस स्टैंड पर प्रदर्शन कर रहे यूनियन नेताओं ने बताया कि पंजाब के सभी 27 डिपो में बस सेवा रोक दी गई है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार कर्मचारियों की मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाती, यह हड़ताल जारी रहेगी।

कर्मचारियों ने कहा कि निजी ठेका प्रणाली लागू कर सरकार कर्मचारियों के अधिकारों और रोज़गार सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।यात्रियों को झेलनी पड़ी भारी दिक्कतेंबस सेवा बंद होने से आम जनता खासकर महिलाओं और छात्रों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

# आरएसएस नेता के पोते की हत्या पर सियासत गरमाई

समर न्यूज़ | जालंधर

फिरोजपुर में आरएसएस नेता के पोते की गोली मारकर हत्या किए जाने की वारदात को लेकर पंजाब की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने घटना पर सख्त प्रतिक्रिया दी और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब पंजाब में अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं, तब सरकार तरण तारण उपचुनाव की जीत का जश्न मनाने में व्यस्त है।"सरकार का ध्यान प्रशासन पर नहीं, उत्सव पर है"विधायक परगट सिंह का कहना है कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सुरक्षा के दायित्व को भूल चुकी है और पुलिस तंत्र भी असहाय नज़र आ रहा है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि अब तो हालत यह हो गई है कि कहीं पटाखा भी फूटे तो लोग उसे गोलीबारी समझकर डर जाते हैं।"तरण तारण उपचुनाव पुलिस ने जीता, सरकार ने नहीं"परगट सिंह ने तरण तारण उपचुनाव के परिणामों को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह जनता की नहीं, बल्कि पुलिस की जीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी हार की गंभीर समीक्षा करनी चाहिए और कमजोरियों को समझकर सही कदम उठाने होंगे।SSP सस्पेंशन पर भी उठाए सवालअमृतसर देहाती और तरण तारण के एसएसपी के निलंबन पर बयान देते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब में अब "डिक्टेटर पर डिक्टेटर" काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तानाशाही रवैये से चल रही है।

विवाद

### अकाल तख्त साहिब के आदेशानुसार 21 नवंबर को फिल्म जारी न की जाए

# सिख भावनाओं के मद्देनजर 'हिंद दी चादर' फिल्म की रिलीज़ पर रोक

समर न्यूज़ | अमृतसर

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन पर बनी एनिमेशन फिल्म 'हिंद दी चादर' को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के मुख्य सचिव सरदार कुलवंत सिंह मन्नन ने फिल्म के निर्माताओं और निर्देशकों से सिख भावनाओं का सम्मान करते हुए इसे रिलीज़ न करने की अपील की है।अकाल तख्त साहिब ने दिया रोक का आदेशस. मन्नन ने बताया कि बवेजा मूवी प्रा. लि. द्वारा बनाई गई इस फिल्म में सिख सिद्धांतों, इतिहास और प्रस्तुतीकरण के पहलुओं में कई त्रुटियां हैं। इसी कारण अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जथेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज्ज के आदेश पर सचिवालय ने 21 नवंबर 2025 को फिल्म रिलीज़ न करने का निर्देश जारी किया



है।"गुरु साहिबानों को कल्पना या एनिमेशन में दिखाना वर्जित"मन्नन ने कहा कि गुरु साहिबानों को किसी भी प्रकार की कल्पना, अभिनय या एनिमेशन के माध्यम से प्रदर्शित करना सिख सिद्धांतों और अकाल तख्त साहिब के हुकमनामों का उल्लंघन है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब गुरु साहिब एवं उनके परिवार से संबंधित पात्र निभाने पर मनाही है, तो इस तरह की फिल्मों का निर्माण ही अनुचित कदम है।धर्मिक मर्यादा की अवहेलना नहीं की जानी चाहिएउन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में न केवल सिख भावनाओं को ठेस पहुँचाती हैं, बल्कि धार्मिक विवाद भी उत्पन्न करती हैं। मन्नन ने जोर देकर कहा कि जब सिख समुदाय गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350वीं जयंती मना रहा है, तब सिख सिद्धांतों के विरुद्ध जाकर ऐसी फिल्म जारी करना अस्वीकार्य है।

### पत्नी चली गई, सम्मान टूट गया अब बरी हुए जागेश्वर प्रसाद पूछते हैं, क्या खोया हुआ जीवन लौट सकता है

# ₹100 की रिश्वत का आरोप और 39 साल की लंबी कानूनी लड़ाई


**एजेंसी । रायपुर**

रायपुर के एक घर में आज भी 84 वर्षीय जागेश्वर प्रसाद अवधिया अपनी थकी आँखों और भारी स्मृतियों के सहारे जीवन बिता रहे हैं। दीवारों पर न कोई नेमप्लेट है, न बीते दिनों की कोई चमक— लेकिन जो बीत चुका है, वह इतना भारी है कि शायद ये दीवारें भी अगर बोल पातीं तो कराह उठतीं। अविभाजित मध्यप्रदेश के स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में क्लर्क के रूप में कार्यरत जागेश्वर प्रसाद को 1986 में 100 रुपये की घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह आरोप उनके पीछे 39 वर्षों तक ऐसे चलता रहा जैसे कोई परछाईं। इस दौरान उनका परिवार टूटा, रिश्ते बिखरे, और अंततः जब हाईकोर्ट ने उन्हें बाइज़्ज़त बरी किया, तब तक उनका अधिकांश जीवन अदालतों के चक्कर में घिस चुका था।

हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी हाथ में लिए जागेश्वर प्रसाद का गला बैठ जाता है। वह कहते हैं- "नौकरी खत्म हो गई। समाज ने मुझे अपराधी मान लिया। बच्चों की पढ़ाई रुक गई। पत्नी आजीवन दुःख में रही और इलाज के अभाव में चल बसी। रिश्तेदारों ने किनारा कर लिया। 39 साल बाद अदालत ने कहा कि मैं बेगुनाह हूँ—पर क्या कोई मेरा बीता हुआ जीवन लौटाएगा?" उनकी आवाज़ में ऐसी टूटन है जो व्यवस्था की बेरुखी और न्याय में देरी की क्रूरता दोनों को उजागर कर देती है।

**आरोप कैसे लगा?**

अदालत के रिकॉर्ड बताते हैं कि बिल सहायक के रूप में काम करते समय उनसे एक कर्मचारी ने अपने भुगतान का बिल तैयार करवाने के लिए संपर्क किया था। अवधिया का कहना है कि उन्होंने उसे बताया कि फ़ाइल ऊपर से आने के बाद ही काम किया जा सकता है। वह व्यक्ति 20 रुपये



देने लगा, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया और डाँटकर वापस भेज दिया। तीसरे दिन, जब अवधिया दफ्तर जा रहे थे, उसी कर्मचारी ने पीछे से अचानक उनकी जेब में कुछ डाल दिया। इससे पहले कि वह समझ पाते, सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। आरोप था—100 रुपये की रिश्वत। जागेश्वर प्रसाद कहते हैं—"मैं कुछ समझता उससे पहले ही मुझे रिश्वतखोरी में गिरफ्तार कर लिया गया। वह दिन मेरे पूरे परिवार के लिए सज़ा की शुरुआत था।

**निलंबन, तबादला और टूटता परिवार**

दो साल बाद, 1988 में आरोप-पत्र दाखिल हुआ और उन्हें निलंबित कर दिया गया। छह वर्षों तक सस्पेंड रहने के बाद उनका तबादला रायपुर से रीवा कर दिया गया। आधी तनख्वाह में घर चलाना असंभव था।

पत्नी और चार बच्चे रायपुर में थे और वे अकेले रीवा में। समय बीतने के साथ प्रमोशन, वेतन वृद्धि और स्थिर भविष्य सब छिनता चला गया। उनके छोटे बेटे नीरज, जो उस समय 13 साल के थे, आज 52 वर्ष के हो चुके हैं। वे याद करते हुए कहते हैं-"मुझे रिश्वत का मतलब भी नहीं पता था, पर मोहल्ले के लोग मुझे रिश्वतखोर का बेटा कहते थे। स्कूल में बच्चे चिढ़ाते थे। कई बार फीस न देने पर स्कूल से निकाला गया। हमारा पूरा बचपन अदालत की तारीखों में खत्म हो गया।

## ▪ ट्रायल कोर्ट का निर्णय और लंबी अपील

*2004 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषी ठहराते हुए एक साल की सज़ा और 1000 रुपये का जुर्माना सुना दिया, जबकि गवाह अपने बयान बदल चुके थे। लेकिन अवधिया ने हार नहीं मानी। वह हाईकोर्ट पहुँचे, जहाँ यह मामला 20 वर्षों तक लंबित रहा। इस दौरान जीवन चलाने के*



*लिए उन्होंने ट्रैवल एजेंसी, बस ऑपरेटरों और छोटे-मोटे कामों में मेहनत की। वृद्धावस्था में भी उन्हें 8–10 घंटे तक खटना पड़ता था।*

***2025 का फैसला—देर से मिला न्याय***

*2025 में अंततः हाईकोर्ट ने कहा जागेश्वर प्रसाद निर्दोष हैं। लेकिन यह निर्णय जितना प्रतीक्षित था, उतना ही दर्दनाक भी। क्योंकि तब तक उनका परिवार बिखर चुका था, पत्नी नहीं रही, बच्चे संघर्ष में बड़े हुए और उनका अपना जीवन लगभग समाप्ति की ओर था। वह कहते हैं, न्याय मिला, पर समय नहीं लौटा। अब बस शरीर में थकान और दिल में दर्द बचा है।*

***पत्नी इंदू का दुखद अंत***

*जागेश्वर की पत्नी, इंदू अवधिया, वर्षों तक सामाजिक अपमान और आर्थिक तंगी में घुलती रही। लगातार तनाव में रहने के कारण वह बीमार रहने लगीं। 24 दिन सरकारी अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। जागेश्वर बताते हैं-"मेरे पास अंतिम संस्कार के पैसे भी नहीं थे। एक मित्र ने तीन हजार रुपये दिए, तब जाकर क्रिया-कर्म कर पाया। मेरी पत्नी दुख में मर गई। वह हमेशा कहती थी, हमने क्या किया था कि यह सब भुगत रहे हैं।*

## ▪ हाईकोर्ट में लंबित

***न्याय प्रणाली की धीमी रफ्तार, कितने और जागेश्वर प्रतीक्षा में?***

*छत्तीसगढ़ की अदालतों में हजारों पुराने मामले वर्षों से अटके हुए हैं। आँकड़े बताते हैं*

***हाईकोर्ट में 77,616 केस लंबित***

***5-10 साल पुराने: 19,154***

***10-20 साल पुराने: 4,159***

***20 साल से अधिक: 105 मामले***


*कुछ स्थानीय अदालतों में 30–50 साल पुराने मुकदमे भी अभी तक निपट नहीं पाए। दुर्ग जिले में ताराबाई बनाम भगवानदास का मुकदमा 1976 से लंबित है दोनों पक्षकार अब इस दुनिया में नहीं, पर केस अब भी बंद नहीं हुआ। "देर से मिला न्याय, न्याय नहीं" विशेषज्ञों की चिंता, पूर्व मुख्य न्यायाधीश यतीन्द्र सिंह कहते हैं "पुराने मामलों का निपटारा न होने का कारण केवल संसाधनों की कमी नहीं है। कई बार पक्षकार देरी चाहते हैं। कई बार जज पुराने केस उठाते ही नहीं जब तक कोई मजबूर न करे।"अब जागेश्वर की आखिरी इच्छा बस पेंशन दे दो*

*आज 84 वर्ष की उम्र में उनका एक ही अनुरोध है "मैं अब न्याय नहीं चाहता। बस मेरी पेंशन और लंबित रकम दे दो, ताकि आखिरी समय में किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े।" 39 वर्षों की लड़ाई के बाद आज उनके हाथ में सिर्फ फैसले की चंद पन्नियाँ हैं, लेकिन उनके भीतर छिपी पीड़ा यह बताने के लिए काफी है कि न्याय में देरी सिर्फ अन्याय नहीं, किसी का पूरा जीवन निगल सकती है।*

---

## मैं बोलूंगा तो...

### खतरनाक रुझानः एन्काउंटर एक्सप्रेस 2025



*समर न्यूज | मोहाली*

*पंजाब का माहौल आजकल ऐसा है जैसे किसी ने नेटफ्लिक्स का 'गैंगवार सीज़न' दुबारा रिलीज़ कर दिया हो। तीन दिन, तीन एन्काउंटर और पब्लिक सोच रही है कि हम 2025 में हैं या देसी स्टाइल वाले 1990 के रीमेक में? 'लाला जी' का एक बयान आया "पंजाब छोड़ दो नहीं तो तैयार रहो।" बात ख़त्म और पंजाब में एन्काउंटरों की नियत तारीख़ें शुरू।*

*जैसे कोई अमावस्या–पूर्णिमा का कैलेंडर हो, हर दिन एक नई दास्तान। आज का एपिसोडः गुरदासपुर पुलिस ने दो गैंगस्टर और 'लँगड़ा गैंग' की मेंबरशिप बढ़ा दी। दोनों को सीधे लेफ्ट पैर में 'सदस्यता बुलेट' दी गई। अब बचेगा क्या? यही कि गैंग चिट्ठा अपडेट होगा फ़लाँ गैंगस्टरः एक गोली लेफ़्ट, एक राइट अडवांस लेवल लँगड़ा।"अब सोचिए, ये गैंगस्टर जब सुनसान जगह पर पहुँचते हैं, उनके दिमाग़ में एक ही बात चलती होगी "कुछ मिनट बाद इन पैरों का क्या होगा? और अचानक, सन्नाटा चीरती आवाज़ें ठाँ-ठाँ-ठाँ और बस एन्काउंटर ख़त्म, लँगड़ापन शुरू। फिर वही क्लासिक प्रोटोकॉल लाओ स्ट्रेचर, करीब वालों को फोनः "भाई, हीरो नहीं, इस बार मरीज मिल गया है। अस्पताल में एडमिट, और सोशल मीडिया पर अपडेट लँगड़ा_गैंग का नया चेप्टर शुरू। कहानी यहीं खत्म नहीं*

*अगर पुलिस किसी दिन बहुत 'गर्म तेवर' में हुई, तो हालत उस तंदूर वाले कारीगर की तरह हो जाएगी, जिसने गलती से 50 रोटियाँ एक साथ अंदर डाल दी हों, सारी रोटियाँ एक जैसी सिक जाएँगी, फर्क सिर्फ़ तवे का रहेगा, रोटियों का नहीं। आज की ख़बर में नाम आया, मलकीत ख़दर नाहरपुरीआँ। अब तक तो सिर्फ लारेंस, लंडा, भगवाणपुरिया जैसे नाम चलते थे। ये "नाहरपुरीआँ" पहली बार सुना। लगता है पंजाब का गैंगस्टर विभाग भी, हर महीने नए कैरेक्टर लॉन्च करता है, जैसे किसी बॉलीवुड यूनिवर्स की फ्रेंचाइज़ी हो। अब हालत यह है कि हर एन्काउंटर के बाद जनता सोचती है, "गैंगस्टर ज़्यादा दौड़ रहे हैं, या एम्बुलेंस?" जिस तरह का माहौल है, डर गैंगस्टरों को कम और उनके पैरों को ज़्यादा लग रहा है क्योंकि पंजाब में आजकल, किस्मत से बड़ा ट्रेंड 'लँगड़ा अपडेट' चला हुआ है।*

*#MainBolungaTo, #SummerExpress, #SummerNews, #EncounterDiEntry, #LangdaGangUpdate #TandooriEncounter*

---

# युनूस छोड़ने वाले हैं बांग्लादेश! क्या फिर तख्ता पलटेगी GEN Z



**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश इन दिनों एक बार फिर भारी राजनीतिक उथल-पुथल से गुजर रहा है। राजधानी ढाका में माहौल इतना तनावपूर्ण है कि राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तक चल पड़ी है कि क्या अंतरिम प्रमुख मोहम्मद यूनुस देश छोड़कर निकलने की तैयारी में हैं। रात के अंधेरे में उनकी संभावित विदाई की अटकलों ने राजनीतिक संकट को और गहरा कर दिया है।

तनाव का पहला कारण है - पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ मानवता-विरोधी अपराध मामले में सोमवार को आया सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला। दूसरा बड़ा कारण यूनुस सरकार का वह विवादित निर्णय है, जिसने आग में घी का काम किया। दरअसल, इस्लामिक समूहों के दबाव में आकर अंतरिम



**मुहम्मद यूनुस**

प्रशासन ने स्कूलों से संगीत और पीटी शिक्षकों की भर्ती को बंद करने की घोषणा कर दी। इस फैसले को छात्रों और सांस्कृतिक वर्ग ने बांग्लादेश की अस्मिता पर सीधा हमला बताया। जैसे ही यह आदेश सार्वजनिक हुआ, ढाका की सड़कों पर हजारों की संख्या में छात्र उतर आए और यूनुस के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गया।

**जेन-जेड का नया विद्रोह**

बदलते हालात ने यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या युवा पीढ़ी एक बार फिर किसी बड़े तख्तापलट की ओर बढ़ रही है। विश्वविद्यालय परिसरों में मशाल जुलूस निकले, कई जगहों पर प्रदर्शन हिंसक हो गए। छात्रों का कहना है कि यह निर्णय किसी भी आधुनिक समाज में स्वीकार करने योग्य नहीं है और इससे स्कूलों में कला व खेल शिक्षा का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। प्रदर्शनों के बीच राजधानी के कई इलाकों में विस्फोट और झड़पों की खबरें सामने आईं, जिसके बाद कई क्षेत्रों में पाबंदियां लगानी पड़ीं। हालात इतने बिगड़ गए कि ढाका को आंशिक रूप से लॉकडाउन करने की नौबत भी आ गई।

**हसीना का पलटवार**

इन घटनाओं के बीच भारत में निर्वासन के दौरान रह रहीं शेख हसीना ने भी यूनुस पर सीधा हमला बोला। उनका आरोप है कि अंतरिम प्रशासन चरमपंथी समूहों के दबाव में काम कर रहा है और कट्टरपंथी सोच रखने वाले लोग सत्ता संरचना में घुसपैठ कर चुके हैं। हसीना ने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतें फिलहाल शासन की धुरी बन चुकी हैं। उनकी मानें तो अंतरिम सरकार सामाजिक और सांप्रदायिक रूप से पिछड़े संगठनों की प्रभाव में है, जिससे देश की बहुलतावादी छवि को गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

**युवा वर्ग का रुख क्यों बदला?**

गौरतलब है कि हाल ही में जेन-जेड छात्रों ने ही हसीना की कथित सत्तावादी नीतियों और पारदर्शिता की कमी के खिलाफ बड़ा आंदोलन चलाया था, जिसके बाद उनकी सरकार को सत्ता से बाहर होना पड़ा। उसी आंदोलन की पृष्ठभूमि में यूनुस को अंतरिम मुख्य सलाहकार बनाया गया था, और उस समय पश्चिमी देशों के साथ-साथ स्थानीय सिविल सोसाइटी के कई वर्गों ने इस बदलाव को लोकतांत्रिक सुधारों की दिशा में एक कदम माना था। लेकिन अब हालात उलट चुके हैं। वही युवा पीढ़ी, जिसने बदलाव के लिए हसीना के विरोध में मोर्चा खोला था, अब यूनुस की नीतियों से असंतुष्ट होकर सड़कों पर उतर आई है।

**फैसले से पहले बम धमाके**

इस समय देश में बेचैनी चरम पर है, क्योंकि सोमवार को हसीना के खिलाफ मानवता-विरोधी अपराध मामले में फैसला सुनाया गया है। इससे एक दिन पहले ढाका में कई स्थानों पर देसी बम धमाके हुए। हालांकि कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन इन धमाकों ने पहले से संवेदनशील माहौल को और भयावह बना दिया। हसीना पर आरोप है कि 2024 के मध्य में हुए छात्र प्रदर्शनों को कुचलने के लिए उन्होंने सख्त कदम उठाने का आदेश दिया था। सत्ता से हटाए जाने के बाद वह भारत में रह रही हैं और सभी आरोपों को गलत बता रही हैं।

---

## जियो की मांग के बाद TRAI नेट न्यूट्रैलिटी नियमों की करेगा दोबारा समीक्षा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंटरनेट की दुनिया में नेट न्यूट्रैलिटी को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है। इसी बीच भारत की टेलीकॉम इंडस्ट्री बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। रिलायंस जियो ने दूरसंचार नियामक प्राधिकरण से आग्रह किया है कि वह नेट न्यूट्रैलिटी से जुड़े पुराने नियमों को नई तकनीकों के अनुरूप अपडेट करे। जियो का कहना है कि डेटा ट्रैफिक मैनेजमेंट और 5G नेटवर्क स्लाइसिंग जैसी उभरती तकनीकों को नियमों में स्पष्ट रूप से मान्यता दी जानी चाहिए, क्योंकि कंपनी को इन तकनीकों पर आधारित नए टैरिफ प्रस्ताव तेजी से मिलने लगे हैं। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी हाल ही में अपने नेट न्यूट्रैलिटी ढांचे में बदलाव किए हैं।

**तकनीक बदली, नियम पुराने रह गए**

जियो का तर्क है कि जब नेट न्यूट्रैलिटी के नियम बनाए गए थे, तब 5G स्टैंडअलोन नेटवर्क और नेटवर्क स्लाइसिंग जैसी तकनीकें अस्तित्व में नहीं थीं। 5G स्लाइसिंग के ज़रिए एक ही नेटवर्क को कई वर्चुअल हिस्सों में बाँटा जा सकता है-गेमिंग के लिए कम लैटेंसी वाला स्लाइस, कंटेंट क्रिएटर्स के लिए तय अपलोड स्पीड वाला स्लाइस, स्ट्रीमिंग के लिए हाई-बैंडविड्थ स्लाइस। इस तकनीक के आने के बाद ऑपरेटर विशेष उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग गुणवत्ता की सेवाएं दे सकते हैं, जिसे मौजूदा नेट न्यूट्रैलिटी नियम साफ तौर पर परिभाषित नहीं करते।

---

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### पेड़ों की कटाई की भरपाई के लिए राज्य को व्यापक पुनर्स्थापन योजना लागू करने के निर्देश

# SC का सख्त आदेशः जिम कॉर्बेट में बने अवैध ढांचे गिराए जाएं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जिम कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में अवैध निर्माण और बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई को गंभीर पारिस्थितिक क्षति बताते हुए उत्तराखंड सरकार को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि राज्य को हुए पर्यावरणीय नुकसान की भरपाई के लिए विस्तृत पुनर्स्थापन योजना लागू करनी होगी।




मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अगुवाई वाली पीठ ने आदेश दिया कि रिज़र्व के भीतर बने सभी अनधिकृत ढांचों को तीन महीने के भीतर पूरी तरह ध्वस्त किया जाए। इसके लिए राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (CEC) के साथ मिलकर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। पीठ ने कहा कि सीईसी, उत्तराखंड सरकार द्वारा तैयार की जा रही पारिस्थितिक पुनर्बहाली योजना की निगरानी करेगी और सुनिश्चित करेगी कि इसका क्रियान्वयन समयबद्ध ढंग से हो।

**पर्यटन चाहिए तो केवल इको-टूरिज़्म : सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

मुख्य न्यायाधीश ने फैसले के दौरान कहा,"यदि प्रदेश पर्यटन को बढ़ावा देना चाहता है, तो यह पारिस्थितिकी के अनुरूप होना चाहिए। केवल इको-टूरिज़्म ही स्वीकार्य है, न कि प्रकृति को क्षति पहुँचाने वाला विकास।" उन्होंने यह भी कहा कि रिज़र्व के मुख्य क्षेत्र में अपने परिवारों से दूर तैनात कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधाएँ और व्यवस्थाएँ होनी चाहिए।

**टाइगर सफारी पर नए निर्देश**

अदालत ने टाइगर सफारी के संचालन को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए। निर्णय के अनुसार सफारी से जुड़े नियम 2019 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों

वन्यजीव बचाव केंद्र सफारी क्षेत्र के निकट स्थापित किए जाएँ

ऐसे केंद्रों में घायल और बीमार जानवरों के इलाज की पर्याप्त व्यवस्था हो

**वाहनों की संख्या पर सख्त नियंत्रण रखा जाए**

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने तीन महीने के भीतर एक विस्तृत बाघ संरक्षण योजना तैयार करने का निर्देश भी दिया।

**अवैध पेड़ कटाई मामले पर भी टिप्पणी**

हाल ही में कोर्ट ने उत्तराखंड हाईकोर्ट को फटकार लगाई थी, क्योंकि उसने जिम कॉर्बेट रिज़र्व में अवैध कटाई से जुड़े मामले में पूर्व निदेशक के खिलाफ कार्रवाई रोक दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसे गंभीर पर्यावरणीय अपराध माना और कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने का कोई आधार नहीं है।

**राज्य सरकार पर जिम्मेदारी तय**

पीठ ने कहा कि अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई के कारण कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई और पुनर्बहाली का पूरा दायित्व उत्तराखंड सरकार का है।

अदालत के इस फैसले को जिम कॉर्बेट जैसे संवेदनशील संरक्षित क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

# दोहरे पैन कार्ड प्रकरण में बड़ा फैसलाः आज़म खान और बेटे अब्दुल्ला को 7 साल कैद

**रामपुर की विशेष अदालत ने दस्तावेज़ों की जालसाज़ी का दोषी मानते हुए दोनों को हिरासत में भेजा**

**एजेंसी । रामपुर**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल मचाने वाले दोहरे पैन कार्ड मामले में सोमवार को बड़ा फैसला आया। रामपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आज़म खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आज़म को दोषी ठहराते हुए 7 साल की सज़ा सुनाई है। यह मामला दिसंबर 2019 में तब सामने आया था जब बीजेपी नेता आकाश सक्सेना ने आरोप लगाया कि आज़म खान और उनके बेटे ने अलग-अलग जन्मतिथियों वाले दो पैन कार्ड बनवाए थे और इनका उपयोग बैंकिंग और आयकर से जुड़े कामों में किया गया।



**क्या था पूरा मामला?**

शिकायत के अनुसार—अब्दुल्ला आज़म के एक पैन कार्ड में जन्मतिथि 1 जनवरी 1993 दर्ज थी, जबकि दूसरे पैन कार्ड में उनकी जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 बताई गई थी। दोनों कार्ड कथित तौर पर गलत दस्तावेज़ों के आधार पर जारी हुए थे। आरोप था कि इनका इस्तेमाल लेनदेन और आईटी रिटर्न के लिए किया गया, जिससे कानूनी पात्रता और आयु संबंधी लाभ प्रभावित हुए। कोर्ट कक्ष में ही लिए गए हिरासत में अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए दोनों नेताओं को दोषी करार दिया और उसी समय कोर्ट कक्ष से उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद अदालत ने सात साल की कैद की सज़ा सुनाई। बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना भी अदालत में मौजूद थे और उन्होंने फैसले को न्याय की जीत बताया। यह कार्रवाई यूपी की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम मानी जा रही है, क्योंकि यह फैसला सीधे तौर पर दस्तावेज़ों की सत्यता, जनप्रतिनिधित्व की पात्रता और राजनीतिक जवाबदेही से जुड़ा हुआ है।

# दिल्ली ब्लास्ट पर डीजीपी सख्त आतंकवाद को बताया खतरनाक सनक

## आतंकवाद के खिलाफ पुलिस की आंख और कान बनें लोग : डीजीपी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

दिल्ली ब्लास्ट के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। इसी बीच हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह ने अपने एक्स अकाउंट पर एक विस्तृत पोस्ट साझा करते हुए आतंकवाद को खतरनाक सनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों की कोई क्षमता नहीं होती, इसी कारण वे सीधे मुकाबले की बजाय आम नागरिकों को निशाना बनाते हैं और दहशत फैलाने की कोशिश करते हैं। डीजीपी ओपी सिंह ने लिखा कि जन-सुरक्षा एक निरंतर प्रक्रिया है, जो ऑक्सीजन की तरह आवश्यक है - जरा सी कमी भी हालात बिगाड़ सकती है। उन्होंने बताया कि हर तरफ खतरे मौजूद हैं और अपराध तंत्र लगातार ऐसे तत्वों पर निगरानी रखता है।



हरियाणा डीजीपी ओपी सिंह की फाइल फोटो

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की मंशा सीधी लड़ाई की नहीं होती। इसलिए वे निर्दोष लोगों को टारगेट करते हैं। ऐसे खतरों को रोकने के लिए राज्य पुलिस से लेकर केंद्रीय एजेंसियों तक एक मजबूत व व्यापक तंत्र 24×7 काम करता है। डीजीपी ओपी सिंह ने बताया कि हाल ही में फरीदाबाद में अंतर्राज्यीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय खुफिया एजेंसी, दिल्ली पुलिस और यूपी पुलिस के एटीएस अधिकारी शामिल हुए। सभी एजेंसियों ने आपस में इनपुट और सुरक्षा अपडेट साझा किए।

उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा एजेंसियां मिलकर काम करती हैं तो परिणाम कई गुना बेहतर होते हैं। हरियाणा के एनसीआर क्षेत्र में एंटी-टेररिज्म तंत्र को और मजबूत किया गया है। यह टीम लगातार सूचनाएँ जुटाएगी, जांच करेगी और संदिग्ध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करेगी। डीजीपी ने कहा कि आतंकवाद पर प्रभावी प्रहार तभी संभव है जब आम नागरिक भी सतर्क रहें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका में 9/11 से पहले अलकायदा के आतंकवादी केवल विमान टेक-ऑफ की ट्रेनिंग ले रहे थे। यदि ट्रेनर ने यह असामान्यता नोट कर पुलिस को सूचित किया होता तो उनकी योजना शायद नाकाम हो जाती। इजराइल में नागरिकों की सतर्कता के कारण पुलिस बड़ी संख्या में आतंकी हमले नाकाम करती है।

उन्होंने हरियाणा का एक उदाहरण भी दिया, जहां करनाल में एक होटलकर्मी ने संदिग्ध पहचान पत्र पर सतर्कता दिखाते हुए पुलिस को सूचित किया। रातभर चले अभियान के बाद व्यक्ति को पकड़ा गया। बाद में मामला कुछ और निकला, लेकिन नागरिक की जागरूकता प्रशंसनीय रही। ओपी सिंह ने नागरिकों से अपील की आतंकवाद के खिलाफ पुलिस की आंख और कान बनें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत 112 पर दें। आपकी सतर्कता आतंकियों को योजना बनाने और छिपने की जगह नहीं देगी।

# बहादुरगढ़ में बढ़ा प्रदूषण

## एक्यूआई गंभीर श्रेणी में पहुंचा

**समर न्यूज़ | बहादुरगढ़**

बहादुरगढ़ में वायु प्रदूषण की स्थिति एक बार फिर भयावह हो गई है। रविवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 439 के स्तर पर पहुंच गया, जो सीपीसीबी मानकों के अनुसार गंभीर श्रेणी में आता है। एक दिन पहले एक्यूआई 300 था, यानी 24 घंटे में प्रदूषण में 139 अंकों की तेजी दर्ज की गई।

विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की रफ्तार बढ़ने पर प्रदूषण का स्तर नीचे आता है, लेकिन जैसे ही हवा मंद पड़ती है, धूल और प्रदूषक कण फिर वातावरण में जमने लगते हैं, जिससे एक्यूआई 400 के पार पहुंच जाता है। गंभीर श्रेणी के प्रदूषण में सांस लेने तक में परेशानी बढ़ जाती है। दिल्ली-एनसीआर में पहले से ग्रेप-3 लागू है, फिर भी प्रदूषण का स्तर नियंत्रित नहीं हो पा रहा है। यदि हालात ऐसे ही रहे तो प्रशासन को ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू करनी पड़ सकती हैं, जिनमें निर्माण गतिविधियों पर सख्त रोक लग सकती है। नगर निगम और संबंधित विभागों की ओर



से सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है ताकि उड़ने वाली धूल को कम किया जा सके। लेकिन बदलते मौसम और स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के कारण राहत की कोई स्थायी स्थिति नहीं बन पा रही है। शहर के बाहर सांखौल गांव में खुले में कचरा फेंकने की समस्या को रोकने के लिए एक बड़ा अस्थायी कूड़ा घर बनाया गया है। रोहतक रोड स्थित देवीलाल पार्क के पास यह सुविधा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मार्गदर्शन में रिलायंस एमईटी द्वारा सीएसआर फंड से विकसित की गई है। पिछले दिनों प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा के निरीक्षण के बाद इस कूड़ा घर के निर्माण कार्य को तेज किया गया था, जो अब पूरी तरह तैयार है।

कचरे को व्यवस्थित तरीके से जमा करने के लिए एक तरफ खिड़की लगाई गई है, जहां लोग अपना घरेलू कचरा डाल सकेंगे। दूसरी ओर से जेसीबी की मदद से कचरे को ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड कर डिस्पोज़ किया जाएगा। प्रशासन को उम्मीद है कि इसके बन जाने से लोग पेयजल माइनर के पुल के आसपास खुले में कचरा फेंकना बंद करेंगे और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहतर होगी।

# धान खरीद घोटाले मामले में कार्रवाई हुई तेज

**समर न्यूज़ | करनाल**

अनाज मंडी में फर्जी गेट पास के माध्यम से करोड़ों रुपये की धान खरीद घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद जांच और कार्रवाई तेज हो गई है। मामले में मंडी सचिव समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और अब तक कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में दो प्राइवेट ऑपरेटर और एक पूर्व सुपरवाइजर शामिल हैं, जो फिलहाल जेल में हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है। इस मामले में मंडी सचिव और ऑक्शन रिकॉर्डर को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच में शामिल किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर उससे कड़ी पूछताछ की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


# यूट्यूब पर भैंस का वीडियो देखकर फंसा किसान, 34 हजार की ठगी

## पैसे लेने के बाद आरोपियों ने भैंस डिलिवर करने का दावा किया था

**समर न्यूज़ | नारनौल**

थाना सदर क्षेत्र के गांव गुवानी में ऑनलाइन ठगी का एक अनोखा मामला सामने आया है। एक व्यक्ति को यूट्यूब पर भैंस का वीडियो दिखाकर 34 हजार रुपये साइबर ठगों ने ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित विजय ने बताया कि 13 नवंबर को उन्होंने यूट्यूब पर भैंस का एक वीडियो देखा और खरीदने की इच्छा जताई। वीडियो में दिए गए नंबर पर फोन करने पर फोन रिसीव करने वाले युवक ने खुद को सोनू जाट, निवासी जयरामपुरा, जयपुर (राजस्थान) बताया था। आरोपी ने भैंस की बुकिंग के नाम पर 5 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर



करने को कहा। भरोसा करके पीड़ित ने भुगतान कर दिया। इसके बाद आरोपी ने अगले दिन भैंस गाड़ी में भेजने का दावा किया।

डिलीवरी के दौरान आरोपी ने जीपीएस खराब होने का बहाना बनाते हुए अलग-अलग किश्तों में 14,500 रुपये, 14,000 रुपये और 500 रुपये और जमा कराने को कहा था। पीड़ित से ठगों ने कुल 34,000 रुपये लिए। रकम लेने के बाद आरोपी ने न तो भैंस भेजी और न ही पैसे लौटाए। खुद को ठगा महसूस कर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।

# नांगल चौधरी टोल पर उत्पात, बदमाशों ने दस बूथों के तोड़े शीशे

## घटना में दस से 15 लाख रुपये तक के नुकसान का अनुमान

**चौधरी | नांगल**
**समर न्यूज़**

सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर रविवार देर रात बोलेरो सवार युवकों ने भारी तोड़फोड़ कर सनसनी फैला दी।

हमलावरों ने करीब दस टोल बूथों के शीशे चकनाचूर कर दिए और कंप्यूटर सिस्टम व अन्य उपकरणों को भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। टोल प्रबंधन के अनुसार, इस घटना में दस से 15 लाख रुपये तक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। अचानक हुए हमले से कर्मचारी जान बचाने के लिए इधर-उधर दौड़ पड़े, जिससे टोल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



फोटोः टोल पर टूटे हुए शीशे

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का निरीक्षण किया। टोल प्रबंधन ने औपचारिक शिकायत दर्ज करा दी है।

पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर हमलावरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# शहीद स्मारक पूरा, 25 नवंबर तक उद्घाटन होन की उम्मीद : अनिल विज

**समर न्यूज़ | नारनौल**

अंबाला, हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सन् 1857 में देश की पहली आजादी की लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक का निर्माण अंतिम चरणों में है। उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि 25 नवंबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले शहीद स्मारक तैयार हो जाए और यदि उन्हें समय मिले तो वह इसका अवलोकन और उद्घाटन कर सकें। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीद स्मारक इतने आकर्षण का केंद्र होगा कि देखने वाला यहां से हिलेगा नहीं। यहां तकनीकी और साइंटिफिक तौर पर लाइट, लेजर शो 360 डिग्री व्यू तक दिखाया जाएगा। स्मारक की गैलरियों में निर्मित दीवारों पर आदमी व घोड़े चलते नजर आएंगे। ऐसे ही यहां 21 गैलरियों में एक से एक चीज



अनिल विज की फाइल फोटो

देखने लायक होगी जोकि कमाल व बेमिसाल होगी। इससे पहले, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने स्मारक का निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों व निर्माण एजेंसी स्टाफ से जानकारियां ली। उन्होंने ऑडियो व वीडियो प्रेजेंटेशन देखी। गैलरी में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने 1857 की लड़ाई पर आधारित 360 डिग्री व्यू की वीडियो भी देखी और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा करने के दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रवेश शर्मा, रवि बुद्धिराजा, बलित नागपाल, बलकेश वत्स के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दहेज मांग से परेशान पत्नी ने की आत्महत्या, ससुराल वालों पर एफआईआर

**समर न्यूज़ | बहादुरगढ़**

हरियाणा के झज्जर जिले में दहेज उत्पीड़न का एक और दर्दनाक मामला सामने आया है। बल्लभगढ़ जुआ गांव की रहने वाली एक 26 वर्षीय विवाहित महिला ने कथित तौर पर ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान होकर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

मृतका की पहचान लक्ष्मी के रूप में हुई है, जिसकी शादी वर्ष 2020 में बेरी गेट, शिव कॉलोनी निवासी तरुण के साथ हुई थी।

मृतका के पिता तेजपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शादी के तुरंत बाद से ही उनकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके अलावा, बच्चा न होने पर भी ससुराल पक्ष लगातार ताने देता था, जिससे लक्ष्मी मानसिक रूप से बेहद परेशान चल रही थी।

**घर में फंदा लगाकर दी जान**

शनिवार शाम लक्ष्मी ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या करने की




कोशिश की। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मायके पक्ष की शिकायत के आधार पर पति तरुण, सास राजवंती और ननद अन्नू देवी के खिलाफ दहेज हत्या और उत्पीड़न के आरोपों में केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सूरजकुंड शिल्प मेला 2026 की तैयारियों में जुटी सरकार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके इस मेले का 39वां संस्करण 31 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

इस बार मिस्र इजिप्ट को भागीदार राष्ट्र चुना गया है, जबकि उत्तर प्रदेश और मेघालय थीम राज्य के रूप में शामिल होंगे। मेले में भारतीय और विदेशी कारीगरों के लिए 1000 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे, जहां हथकरघा और हस्तशिल्प के विविध उत्पाद प्रदर्शित और उपलब्ध रहेंगे।

अरब राष्ट्र मिस्र मेले में प्राचीन पिरामिड संस्कृति, लक्सोर के मंदिरों, कैरो के बाजारों और पारंपरिक कला रूपों को एक बड़े पैवेलियन में प्रदर्शित करेगा। वहीं उत्तर प्रदेश और मेघालय अपनी लोककलाओं, हस्तशिल्प, संस्कृति



नायाब सिंह सैनी की फाइल फोटो

और पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देंगे। हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि सूरजकुंड मेला केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय (हथकरघा एवं हस्तशिल्प), विदेश मंत्रालय, सांस्कृतिक मंत्रालय और हरियाणा पर्यटन विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उत्तर-पूर्वी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम इस बार सांस्कृतिक साझेदार की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि मेले को भव्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय बढ़ाया गया है और तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

**मेले में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आकर्षण**

मेले में न सिर्फ भारत के विभिन्न राज्यों के कलाकार शामिल होंगे, बल्कि कई देशों के कलाकार भी अपने पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों और प्रस्तुतियों के साथ भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय भारतीय दूतावासों के माध्यम से देशों को निमंत्रण भेज चुका है। भागीदार राष्ट्र और थीम राज्यों के लिए विशेष क्षेत्र और स्टाल आवंटित किए जाएंगे। मेले के दौरान उद्घाटन से लेकर समापन तक दैनिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी।

**1000 से अधिक स्टॉलों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू** : मेले में भारतीय और विदेशी कलाकारों द्वारा बिक्री के लिए 1000 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डॉ. शर्मा के अनुसार, इस बार का सांस्कृतिक कार्निवल मेले का प्रमुख आकर्षण होगा, जिसमें विभिन्न देशों के कलाकार अपने नृत्य व संगीत का प्रदर्शन करेंगे।

# चेयरमैन सतीश सिरटा ने खाटू श्याम धाम के लिए निशुल्क बस को किया रवाना



बस को रवाना करते कमेटी के सदस्य

**बलिन्द्र कुमार | कैथल**
**समर न्यूज़**

पिहोवा चौक स्थित लाला लाजपत राय कॉम्प्लेक्स से श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति की ओर से 70वीं निशुल्क बस रविवार को रवाना की गई। बस को मार्केट कमेटी के चेयरमैन सतीश शर्मा सिरटा ने पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर धामों के लिए प्रस्थान कराया। समिति सदस्यों ने मुख्य अतिथि का पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

बस के रवाना होते ही श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम और सालासर बाबा के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। समिति प्रमुख मनोज सिंगला ने बताया कि सेवा समिति लगातार समाजहित में कार्य कर रही है और यह बस सेवा श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह निशुल्क है।

मुख्य अतिथि सतीश शर्मा ने समिति के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि समाज सेवा सबसे श्रेष्ठ कार्य है। सर्दियों को देखते हुए समिति जल्द ही जरूरतमंदों को कंबल वितरित करेगी। इसके साथ ही कंठाला गांव के सरकारी स्कूल में बच्चों को जूते दिए जाएंगे, ताकि ठंड किसी भी बच्चे की शिक्षा में बाधा न बने।

सभी ने निशुल्क बस सेवा को निरंतर बनाए रखने और समाज सेवा के इस अभियान को और व्यापक बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में चिराग बंसल, सोमनाथ गुप्ता, प्रकाश बंसल, राजेंद्र बंसल, विकास गर्ग एडवोकेट, राजीव चौधरी, भीम सैन वधवा, राजेश पांचाल, अंजू बंसल सहित समिति के अनेक सदस्य और शहरवासी मौजूद रहे।

# महबूबा के विवादित बयान से हंगामा, अनिल विज ने कसा तंज

## विज बोले, मुफ्ती का बयान राष्ट्रहित के खिलाफ, देश की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने वाला

**समर न्यूज़ | अंबाला**

महबूबा मुफ्ती के हालिया बयान पर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। मुफ्ती ने कहा था कि लाल किले पर हुआ धमाका कश्मीर की आवाज है, जिसके बाद हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अनिल विज ने मुफ्ती पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लाल किले जैसे ऐतिहासिक स्थल पर हुए आतंकी हमले को कश्मीर की आवाज बताकर वह खुलकर उग्रवाद का समर्थन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब महबूबा मुफ्ती ने ऐसे विवादित और भड़काऊ बयान



दिए हों।

विज ने हमला बोलते हुए कहा कि अगर वह ऐसे हमलों को कश्मीर की आवाज बता रही हैं, तो क्या इसका मतलब यह है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में बम धमाकों को जायज ठहराया जाएगा। इस तरह के बयान देश की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं और आतंकी मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। मंत्री विज ने यह भी आरोप लगाया कि मुफ्ती के बयान राष्ट्रहित के खिलाफ हैं और देश की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने वाले हैं।

**प्रतिभा** आईआईटी मंडी से की थी इंजीनियरिंग, 57 लाख रुपये का मिला सालाना पैकेज

# रिया का गूगल में चयन हुआ

**समर न्यूज़ | सोनीपत**

सोनीपत की होनहार छात्रा रिया अरोड़ा ने अपनी प्रतिभा का परचम एक बार फिर लहराया है। देव नगर स्थित शिवा शिक्षा सदन की छात्रा रिया का चयन दुनिया की शीर्ष टेक कंपनी गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर हुआ है। गूगल ने रिया को 57 लाख रुपये वार्षिक पैकेज ऑफर किया है, जिसके बाद परिवार, शिक्षकों और स्कूल में खुशी की लहर है।

रिया ने अपनी मजबूत शैक्षणिक उपलब्धियों के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने जईई एडवांस में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिय रैंक 7279 हासिल की थी, जिसके आधार पर उन्हें



आईआईटी मंडी में प्रवेश मिला। इससे पहले भी रिया ने अपनी छात्र जीवन में कई रिकॉर्ड बनाए थे। कक्षा 10वीं में 99.6%, कक्षा 12वीं में 98.6%, इन शानदार अंकों के साथ उन्होंने दोनों कक्षाओं में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया था। उनकी शुरुआती शिक्षा भी सोनीपत में ही हुई, जहां उन्होंने भौतिक विज्ञान, गणित और सूचना प्रौद्योगिकी में सौ प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका विज और संस्थान के निदेशक अरुण बंसल ने रिया को बधाई देते हुए कहा कि शिवा शिक्षा सदन के विद्यार्थी पहले भी कई महत्वपूर्ण पदों जैसे आईएएस, आईपीएस, आईआरए अधिकारी, सेना के मेजर और कर्नल, डॉक्टर्स, सीए इत्यादि पर अपनी पहचान बना चुके हैं।

रिया की उपलब्धि इस गौरवशाली सूची में एक और नाम जोड़ती है। रिया के चयन के बाद परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बेटी ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। गूगल में नौकरी मिलने पर रिया को लगातार शुभकामनाएं मिल रही हैं।

# धान खरीद घोटाले मामले में कार्रवाई तेज

**समर न्यूज़ | करनाल**

अनाज मंडी में फर्जी गेट पास के माध्यम से करोड़ों रुपये की धान खरीद घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद जांच और कार्रवाई तेज हो गई है। मामले में मंडी सचिव समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और अब तक कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में दो प्राइवेट ऑपरेटर और एक पूर्व सुपरवाइजर शामिल हैं, जो फिलहाल जेल में हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है। इस मामले में मंडी सचिव और ऑक्शन रिकॉर्डर को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच में शामिल किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर उससे कड़ी पूछताछ की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**कृषि मंत्री का बयान** : हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने इस घोटाले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए सभी कानून किसानों की सुविधा के लिए हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, "मामले में चाहे कोई भी अधिकारी शामिल हो, सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद दोषियों को कोई भी छूट नहीं मिलेगी। जानकारी के अनुसार, करनाल मंडी में फर्जी गेट पास का इस्तेमाल करके धान की नकली खरीद की गई। जिला प्रशासन और पुलिस लगातार जांच कर रहे हैं और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, और भी कई खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# मंडी में राज्य सरकार के उत्सव पर पूर्व मंत्री का वार...

## बिक्रम ठाकुर कहा-प्रदेश का हर तबका परेशान, राज्य मुश्किल में, जश्न नहीं जवाब चाहिए

संजू | शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार अपने तीन साल पूरे होने पर मंडी में भव्य आयोजन करने जा रही है। लेकिन इस कार्यक्रम से पहले ही राजनीतिक माहौल गर्मा गया है।

बिक्रम ठाकुर का कहना है कि प्रदेश का हर तबका परेशान है, महिलाए, युवा, किसान-बागवान, कर्मचारी और पेंशनर तक। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कई पेंशनरों को समय पर पेंशन तक नहीं मिल पा रही। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सरकार का समारोह आयोजित करना आपदा पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा कदम है।पूर्व मंत्री ने सीएम सुक्खू पर बाहरी राज्यों में जाकर झूठे दावे करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री के बयानों को जनता ने सिरे से नकार दिया, जिससे हिमाचल की छवि धूमिल हुई है। ठाकुर ने सरकार और प्रशासन के बीच तालमेल पूरी तरह खत्म होने की बात कही और दावा किया कि शासन तंत्र अव्यवस्थित होकर रह गया है।उन्होंने कांग्रेस संगठन पर भी निशाना साधते हुए पूछा कि प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति अब तक क्यों नहीं हो सकी। उनके अनुसार बूथ स्तर पर पार्टी की स्थिति बेहद कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा पर गुटबाज़ी के आरोप लगाने वाली कांग्रेस को पहले अपने संगठन की स्थिति सुधारनी चाहिए।

**बड़े आकाओं को खुश करने के लिए धारा 118 में किया बदलाव**

सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए ठाकुर ने दावा किया कि राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और बड़े आकाओं को खुश करने के लिए धारा 118 में बदलाव किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि इससे निवेशकों का विश्वास टूट रहा है और उद्योग प्रदेश छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं।बिक्रम ठाकुर ने कहा कि सरकार को उत्सव मनाने के बजाय तीन साल का आत्ममंथन करना चाहिए और जनता को जवाब देना चाहिए कि आखिर प्रदेश आज इस स्थिति में क्यों पहुंचा।

# हिमाचल कांग्रेस में संगठन निर्माण अटका

## नए अध्यक्ष की घोषणा को लेकर असमंजस बरकरार, नेताओं में नाराजगी बढ़ी

समर न्यूज़ | शिमला



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया एक वर्ष से अधिक समय से लंबित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग हुए भी सालभर से ज्यादा हो चुका है, लेकिन नया अध्यक्ष घोषित नहीं किया जा सका है। छह नवंबर 2024 को पार्टी के लोकसभा चुनावों में कमजोर प्रदर्शन के बाद संगठन को भंग किया गया था, हालांकि प्रतिभा सिंह को अध्यक्ष पद पर बरकरार रखा गया था।

**हाईकमान में बनी अनिश्चितता**

दिल्ली में राहुल गांधी की मौजूदगी में हाल ही में छह बड़े नेताओं कुलदीप राठौर, रोहित ठाकुर, विनय कुमार, सुरिंदर सिंह सुल्तानपुरी, आशीष बुटेल और सुरेश कुमार के साथ अलग-अलग बैठकें हुईं, लेकिन कोई निर्णायक फैसला नहीं निकला। इसके बजाय हाईकमान ने 12 जिलों के लिए 12 पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए, जिससे असमंजस और बढ़ गया। कई नेताओं ने कहा है कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया नए प्रदेशाध्यक्ष के आने के बाद होनी चाहिए थी। इस कारण अध्यक्ष पद के दावेदारों में निराशा फैल गई है। वहीं, विधानसभा का मानसून सत्र 26 नवंबर से शुरू हो रहा है, ऐसे में संगठन के अभाव से कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरने का खतरा है। संगठन की कमी से बढ़ रही चिंताविश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने से पहले एक सशक्त संगठन आवश्यक है, ताकि सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंच सकें। दूसरी ओर, बीजेपी ने 2027 विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिससे कांग्रेस पर दबाव और बढ़ गया है।

# शिमला अतिक्रमण विवाद सुलझाने की पहल करेंगे विधायक हरीश जनारथा

## व्यापारियों व प्रशासन के बीच संवाद की राह खुलने की उम्मीद




समर न्यूज़ | शिमला

शहर में अतिक्रमण के बढ़ते विवाद को सुलझाने के लिए शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा ने संयुक्त बैठक बुलाने की घोषणा की है। श्रद्धांजलि के बाद उठाया मुद्दालाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने के बाद जनारथा ने कहा कि शहर को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन और व्यापारियों में सामंजस्य आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वेंडिंग ज़ोन जल्द शुरू किए जाएंगे ताकि लाइसेंस युक्त विक्रेताओं को उचित स्थान मिल सके और मुख्य बाजारों में भीड़ कम हो। उन्होंने सभी पक्षों से सकारात्मक सहयोग की अपील की।

# हिमाचल में बिजली सेवाएं होंगी सशक्त

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल सरकार उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवाएं देने के लिए 1,602 उपभोक्ता मित्र नियुक्त करेगी। रोजगार और सुविधा दोनों यह नियुक्तियां आउटसोर्स आधार पर की जाएंगी और चयनितों को 10,000 रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। भर्ती इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन के माध्यम से होगी। सेवा सुगमता पर फोकसबिजली बोर्ड में तीन हजार से अधिक टी-मेट पद खाली हैं। उपभोक्ता मित्रों की नियुक्ति से फील्ड कार्यों व शिकायत निवारण की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

# संजौली में दर्दनाक हादसा

समर न्यूज़ | शिमला

संजौली थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना का विवरणचलौंठी के पास स्थित एक निजी रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी मारुति कार को तेज रफ्तार क्रेटा ने टक्कर मारी, जिससे वहां खेल रहा बच्चा उसकी चपेट में आ गया। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम हेतु आईजीएमसी भेजा और आरोपित चालक से पूछताछ शुरू की है।

# आस्था-संस्कृति का संगम, चिंतपूर्णी महोत्सव 2025 संपन्न



समर न्यूज़ | चिंतपूर्णी

तीन दिवसीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव-2025 रविवार को अंब के मेला मैदान में भव्य समापन के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्य अतिथि थे और उन्होंने आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रहता है। मशहूर गायक अमृत मान ने अपने ऊर्जावान गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने महोत्सव को राज्य के प्रमुख आयोजनों में शामिल कर दिया।

# दिव्यांग गोलू के नाम पर फर्जी चंदा उगाही का खुलासा

## सोशल मीडिया पर फोटो और क्यूआर कोड का दुरुपयोग

समर न्यूज़ | हमीरपुर

हमीरपुर में दिव्यांग युवक गोलू के नाम पर सोशल मीडिया पर फर्जी चंदा मांगे जाने का मामला सामने आया है।

साइबर अपराध का नया रूपआरोपी ने गोलू और सामाजिक कार्यकर्ता चेतना शर्मा की फोटो का उपयोग कर फर्जी स्कैनर जारी किया, जिससे लोग भ्रमित हो गए। चेतना शर्मा ने तुरंत पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की कार्रवाईएसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच साइबर सेल को सौंप दी गई है। पुलिस ने लोगों से किसी भी आर्थिक सहायता से पहले सत्यापन की अपील की है।




# हमीरपुर में पानी एक दिशा में मोड़ने पर जताई आपत्ति, डीसी को सौंपा ज्ञापन



समर न्यूज़ | हमीरपुर

लाहलड़ी गांव के ग्रामीणों ने पुलिस मैदान से बहने वाले पानी को एक दिशा में चैनलाइज करने के कार्य का विरोध किया है। संभावित खतरे की आशंकाग्रामीणों का कहना है कि भारी बरसात में मैदान का सारा पानी अब उनके घरों व खेतों में घुस सकता है। इससे बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। प्रशासन से हस्तक्षेप की मांगग्रामीणों ने डीसी हमीरपुर को ज्ञापन देकर इस कार्य को रोकने या वैकल्पिक दिशा में मोड़ने की अपील की।

# आया हेल्पर भर्ती के नाम पर भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद को बढ़ावा दे रही है सरकार : जयराम ठाकुर

## न कोई नियम–न कोई कानून बस सरकार के इशारे पर भर्ती करने का मिल रहा है निर्देश

समर न्यूज़ | शिमला



शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार अपना हर कदम इस हिसाब से उठाती है कि इसे भ्रष्टचार और अराजकता करने का खूब मौका मिल सके। हाल ही में सरकार द्वारा प्रदेश के 6202 प्री प्राइमरी स्कूल्स में आया हेल्पर के पद निकाले हैं। इस भर्ती में चयनित लोगों को लगभग 3800 प्रतिमाह मिलेंगे। जिसमें से 90% हिस्सा केंद्र की मोदी सरकार और 10% हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। लेकिन सरकार इसे भी अपने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देना चाहती है। इसे सुख की सरकार द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से भरे जाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि उस भर्ती में कोई भी नियम स्पष्ट नहीं है कि यह भर्ती कैसे की जानी है? आया हेल्पर को नौकरी पर रखने का आधार क्या होगा? किसे चुना जाएगा, किसे नहीं चुना जाएगा? सरकार की यह योजना पूर्णतया अराजकता और भ्रष्टाचार के साथ-साथ भाई भतीजावाद को बढ़ावा देने का इंतजाम है। सरकार की हर योजना इसी तरीके से प्रदेशवासियों को गुमराह करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने, मित्र मंडली को कमाने का जुगाड़ देने का साधन बनती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने पहले ही बताया था कि मंत्री ने अपनी पूरी मित्र मंडली को आउटसोर्स की एजेंसियां खोलने के निर्देश दे दिए थे। जिसके जरिए वह भ्रष्टाचार और मनमानी कर सकें। ऐसे लोगों द्वारा आउटसोर्स की नौकरियां थोक के भाव बेचने के आरोप सरकार के करीबियों पर लगे थे। जिसे हमने हमेशा उठाया था। लोगों ने आउटसोर्स की नौकरियों के लिए भी लाख रुपए– दो लाख रुपए रेट खोल कर वसूली की थी। इसी तरीके के आरोप एनटीटी की भर्ती में भी लगे थे जो अंततः अन्य कारणों से रद्द हो गई। आउट सोर्स भर्तियों में अनियमिता को लेकर न्यायायल द्वारा सरकार की कड़ी आलोचना की जाती रही है। क्योंकि आउट सोर्स भर्तियां करने वाली एजेंसियों से जुड़े एक से बढ़कर एक हैरान करने वाले तथ्य सामने आते रहते हैं। जो सरकार की मंशा पर सवाल उठाते रहते हैं। आया हेल्पर भर्ती भी सरकार की भ्रष्टाचार योजना का नायाब नमूना है। जहां "खाता न बही जो सरकार कहे वही सही" वाली योजना चलाई जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आया हेल्पर भर्ती में स्पष्ट दिशा निर्देश न रखने के पीछे सरकार की यही मंशा अपने मित्र मंडली की आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना और पंचायत चुनाव को प्रभावित करना है। आया हेल्पर भर्ती कर रही कंपनियों को सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि पंचायत चुनाव के ठीक पहले ही यह नियुक्तियां देनी हैं और देनी किसे हैं–यह सरकार तय करेंगी। इस तरीके से केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित और वित्त पोषित योजना को सुक्खू सरकार भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद की भेंट चढ़ाकर न सिर्फ नैतिकता को दरकिनार कर रही है बल्कि प्रदेश के लोगों का भी हक छीनने की कोशिश कर रही है। यह कोशिश हम कामयाब नहीं होने देंगे।

# पंचायती राज चुनावों में देरी पर सख्त हाईकोर्ट सरकार




समर न्यूज़ | शिमला

पंचायती राज चुनावों की देरी पर हिमाचल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया की पीठ ने कहा कि पंचायत चुनावों में अनावश्यक देरी लोकतांत्रिक ढांचे को प्रभावित करती है। दोनों पक्षों को 21 दिसंबर तक जवाब दाखिल करना होगा। सरकार ने कहा है कि जनवरी 2026 तक चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, जबकि विपक्ष इस देरी को जानबूझकर ठहराने का आरोप लगा रहा है।

# दिसंबर से संजौली हेलीपोर्ट से शिमला-किन्नौर हेली टैक्सी सेवा

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल के पर्यटन को गति देने के लिए दिसंबर से संजौली हेलीपोर्ट से शिमला–रामपुर–कल्पा हेली टैक्सी सेवा शुरू होने जा रही है। तेज और आरामदायक यात्रा DGCA से मंजूरी मिलने के बाद पर्यटन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सेवा शुरू होने से चंडीगढ़ और मोहाली से शिमला या किन्नौर पहुंचना अब कुछ मिनटों का सफर बन जाएगा। स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा18 करोड़ रुपये की लागत से बने हेलीपोर्ट में सभी आधुनिक सुविधाएं हैं। विभाग का अनुमान है कि यह सेवा विंटर टूरिस्ट सीजन में राज्य पर्यटन को नई दिशा देगी।

# धर्मशाला बना टीबी रोगियों को पोषण किट देने वाला पहला ब्लॉक

समर न्यूज़ | धर्मशाला

टीबी उन्मूलन मिशन के तहत धर्मशाला विकास खंड में प्रशासन ने 27 रोगियों को पोषण किटें वितरित की हैं।"टीबी हारेगा–कांगड़ा जीतेगा" अभियानडीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि इन किटों में दालें, आटा, चावल, तेल, दूध व च्यवनप्राश जैसे पोषक सामग्री शामिल हैं। लागत 1.28 लाख रुपये पंचायत अनुदान से वहन की गई है।महिलाओं की भागीदारीएनआरएलएम समूहों की महिलाओं को "निक्षय मित्र" बनाया जा रहा है, जो रोगियों को लगातार सहयोग और परामर्श देंगी।

# मोबाइल ऐप से अनिवार्य हाजिरी पर कॉलेज प्राध्यापकों में असंतोष

## विभाग ने दी सफाई, प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी

समर न्यूज़ | शिमला




हिमाचल प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के प्राध्यापकों के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना अब अनिवार्य किया गया है। हालांकि, इस आदेश को लेकर शिक्षकों के बीच विरोध तेज हो गया है। प्राध्यापक संघ की आपत्तिराजकीय प्राध्यापक संघ ने दलील दी है कि मोबाइल ऐप से उपस्थिति दर्ज कराना निजता का उल्लंघन है और डिजिटल निगरानी का रूप ले सकता है। संघ ने कई ज्ञापन शिक्षा निदेशक को भेजे थे। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने कहा कि यह जियोफेंस आधारित बायोमैट्रिक प्रणाली सुरक्षित है और सभी डेटा हिमाचल स्टेट डेटा सेंटर में संग्रहित रहेगा। विभाग ने आश्वासन दिया कि यह प्रक्रिया आधार एवं आईटी अधिनियम के अनुरूप है।

# हमीरपुर में 'शोषण मुक्ति मंच' का विरोध प्रदर्शन

समर न्यूज़ | हमीरपुर

शोषण मुक्ति मंच ने जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।धरने में उठे गंभीर आरोपसंगठन ने हालिया जातीय अत्याचार की घटनाओं और दलित छात्रों की छात्रवृत्ति में कटौती को लेकर नाराजगी जताई। प्रदर्शकारियों ने कहा कि दलित समुदाय को लगातार उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपासंगठन ने डीसी कार्यालय के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंप कर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस**

### मोदी नेतृत्व में पार्टी का विस्तार तेज : सुरेश कश्यप

# 2014 में 1035 से बढ़कर 2025 में भाजपा के 1654 विधायक

संजू | रोहड़ू
समर न्यूज़

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने मंगलवार को रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र से अपने संसदीय दौरे की शुरुआत की। यह दौरा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित 'पदयात्रा कार्यक्रम' के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा के बढ़ते राजनीतिक विस्तार और सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।




कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में भाजपा आज देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक मजबूती से उभरता राजनीतिक संगठन बन गई है। उन्होंने बताया कि जहां 2014 में भाजपा के देशभर में 1035 विधायक थे, वहीं 2020 में यह संख्या 1207 और 2025 में बढ़कर 1654 हो चुकी है।कश्यप के अनुसार यह आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि भाजपा ने जमीनी स्तर पर अपना विस्तार लगातार तेज किया है।इसके विपरीत उन्होंने कांग्रेस के घटते जनाधार का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी का वोट शेयर और सीटें दोनों लगातार गिरावट पर हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर मात्र 21% रहा, जबकि भाजपा का 37% था। कश्यप ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा और पार्टी को केवल लगभग 8.7% वोट शेयर ही प्राप्त हुआ।

**रोहड़ू में भाजपा सरकार ने रखी विकास की नींव**

अपने संबोधन में सुरेश कश्यप ने दावा किया कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र का वास्तविक और ठोस विकास जयराम ठाकुर सरकार के कार्यकाल में हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने रोहड़ू सिविल अस्पताल को सीटी स्कैन सुविधा प्रदान की। संडासू के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 20 से बढ़ाकर 50 बिस्तरों तक विस्तारित किया गया।

इसके साथ ही कुलगढ़ में हेलीपैड, समोली स्थित मुख्यमंत्री लोक भवन में अतिरिक्त मंजिल, तथा समरकोट और धामवाड़ी में उप-तहसीलों की घोषणा भी भाजपा सरकार द्वारा की गई।उन्होंने बताया कि आईटीआई चिरगांव और आईटीआई डोडरा क्वार में नए ट्रेड शुरू करके युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी अवसरों को भी बढ़ाया गया।

**एकता का प्रतीक थे सरदार पटेल**

कार्यक्रम में सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कश्यप ने कहा कि उनका जीवन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना का साकार रूप था। स्वतंत्रता के बाद 550 से अधिक रियासतों के एकीकरण का असंभव दिखने वाला कार्य सरदार पटेल ने पूरा किया और देश की एकता को मजबूत आधार प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि आज 'राष्ट्रीय एकता दिवस' स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस की तरह ही राष्ट्रीय महत्व का पर्व बन चुका है।

# खरड़ नगर परिषद बैठक में ठेकेदार के काम पर हंगामा

## विधायक अनमोल गगन मान ने फोन पर समझाया, इलेक्शन कोड लग जाएगा, टाइम नहीं है

मोहाली| समर न्यूज



मोहाली के खरड़ नगर परिषद की बैठक में पार्षदों ने ठेकेदार के कामकाज से असंतुष्ट होकर हंगामा किया और धरना देकर जमीन पर बैठ गए। विधायक और पूर्व मंत्री अनमोल गगन मान ने फोन पर पार्षदों से बात की और इस स्थिति में चुनाव कोड लागू होने का हवाला देते हुए कहा कि समय कम है और क्लेश डालना बंद करो। पार्षदों ने ठेकेदार के काम से नाराजगी जताई और उसकी जगह दूसरे ठेकेदार को नियुक्त करने की मांग की। विधायक ने पार्षदों को बैठक आगे बढ़ाने और आवश्यक विकास कार्यों को पास कराने की सलाह दी। पार्षदों ने कहा कि उनके कार्यकाल के मात्र चार महीने बचे हैं और चुनाव कोड लागू होने के कारण समय सीमित है। बैठक स्थगित कर दी गई थी। विधायक ने क्लेश पर निराशा जताते हुए कहा कि ऐसी हालत में वह बैठक में नहीं पहुंची। इस विवाद का मूल कारण विकास कार्यों में ठेकेदार की कार्यप्रणाली से असंतोष और चुनाव के करीब पहुंचना है। पार्षदों के बीच और उनके और विधायक के बीच टकराव की वजह से बैठक गतिरोधित हो गई। इसके अलावा जमीन संबंधी कई मुद्दे भी बैठक में चर्चा में थे, जिसमें कुछ पार्षदों ने गांव दाऊं की जमीन को नगर परिषद खरड़ में शामिल करने पर आपत्ति जताई थी। पार्षदों ने कुछ वार्डों में कार्यों के लिए प्रस्ताव पास कराने की भी मांग की। यह विवाद चुनावी माहौल और विकास कार्यों में देरी के चलते पैदा हुआ है। खरड़ नप की बैठक में पार्षद ठेकेदार के कामकाज को लेकर हंगामा कर जमीन पर बैठ गए, विधायक अनमोल गगन मान ने फोन पर स्थिति संभालने की कोशिश की और चुनाव कोड लगने के कारण समय की कमी का हवाला दिया, पार्षदों ने ठेकेदार बदलने और विकास कार्यों को तेज करने की मांग की, बैठक स्थगित हो गई।

# शराब पीकर वाहन न चलाने के लिए मोहाली पुलिस ने जनता को किया जागरूक

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज



जिला एस.ए.एस नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हंस और पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह माहल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, नशे के विरुद्ध चल रहे अभियान के अंतर्गत, डीएसपी यातायात करनैल सिंह और यातायात विभाग की टीम ने जिले में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकेबंदी की। इस दौरान, मोटर वाहन अधिनियम के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिला पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सितंबर 2025 से अब तक मोटर वाहन अधिनियम 2019 के तहत 382 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। डीएसपी यातायात करनैल सिंह ने जनता से शराब पीकर वाहन न चलाने और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम 2019 की धारा 185 के तहत शराब पीकर वाहन चलाने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें पहली बार उल्लंघन करने पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। 10,000 रुपये तक का जुर्माना या 6 महीने तक की कैद या दोनों और 3 साल के भीतर दूसरी बार उल्लंघन करने पर 15,000 रुपये तक का जुर्माना या 2 साल तक की कैद या दोनों। पुलिस ने जनता से सुरक्षित ड्राइविंग का पालन करने और शराब के नशे में वाहन चलाने से बचने की अपील की है।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व, गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन दरबार का आयोजन

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत, आज जिला प्रशासन, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर द्वारा श्रद्धालुओं के सहयोग से मोटे माजरा गांव स्थित गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, भाई गुरविंदर सिंह मोहाली के रागी जत्थे द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कीर्तन और भाई संदीप सिंह, कथावाचक गुरुद्वारा सिंह शहीदां सुहाना वालियां द्वारा नौवें गुरु के जीवन से संबंधित प्रसंग व गुरबाणी की व्याख्या कर संगत को निहाल किया गया। इस अवसर पर, विधायक कुलवंत सिंह ने गुरु घर में नतमस्तक होने उपरांत कीर्तनी जत्थे को सिरोपा भेंट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गुरु साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को बड़ी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को तलवंडी साबो, गुरदासपुर और फरीदकोट से नगर कीर्तन निकलेंगे, जिनमें से तख्त श्री दमदमा साहिब से शुरू होने वाला नगर कीर्तन 21 नवंबर को मोहाली में रात्रि विश्राम करेगा। इसके अलावा, 19 नवंबर को श्रीनगर से भी एक विशाल नगर कीर्तन निकलेगा। सभी नगर कीर्तन 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेंगे। विधायक कुलवंत सिंह ने बताया कि 23 से 25 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब में धार्मिक समागम, सर्ब धर्म सम्मेलन, पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र, ढाडी और कविशर दरबार, कीर्तन दरबार, गुरबाणी कथा वाचन और ड्रोन शो जैसे विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से खालसा की जन्मस्थली श्री आनंदपुर साहिब में बड़ी संख्या में पहुंचकर गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की। इस अवसर पर ग्रामीणों और आसपास के लोगों के साथ-साथएस डी एम मोहाली दमनदीप कौर, डी एस पी हरसिमरन सिंह बल और नायब तहसीलदार हरजोत सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर गुरु का लंगर भी लगाया ।

# घुड़सवारी मेले में पुरुषों के गिद्दा ने बढ़ाया उत्साह

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



पल्लनपुर में तीन दिवसीय पंजाब घुड़सवारी मेले में, जहां विभिन्न नस्लों के घोड़े मेले की शोभा बने हुए हैं, वहीं लोक संस्कृति के रंग-बिरंगे रूपों ने सभी मेलों में रंग भर दिए हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालक प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल ने बताया कि उपायुक्त कोमल मित्तल और मेला अधिकारी-सह-अतिरिक्त उपायुक्त विकास सोनम चौधरी के नेतृत्व में, रंग-बिरंगे पंजाब के निर्माण के लिए विरासती लोक नृत्यों और लोक कलाओं को एक पूर्ण मंच भी प्रदान किया जा रहा है। मालवा कला एवं संस्कृति समिति, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर के बाबाओं ने पुरुषों का गिद्दा बजाकर सभी मेलियों को नचाया। प्रीतम सिंह रूपल के नेतृत्व में, 70 वर्ष की आयु पार कर चुके बाबाओं ने मालवा की पारंपरिक बोलियों के साथ पंजाब की समृद्ध विरासत और संस्कृति का खूबसूरती से चित्रण किया। मुख्य अतिथि पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां, जो पंजाब के गांवों की जीवंतता, लोक कलाओं और मालवा बोलियों की मधुर नोक-झोंक का संगम देखकर प्रसन्न हुए, ने 11,000 रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। प्रो. अंताल ने कहा कि बलवीर सिंह भीउरा, प्रीतम रूपल और भोला कल्हरिया की टीम पंजाब की विरासत को संजोकर रखने और उसे अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# मोतिया रॉयल सिटी से अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद



खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर
समर न्यूज़

पल्लनपुर में तीन दिवसीय पंजाब घुड़सवारी मेले में, जहां विभिन्न नस्लों के घोड़े मेले की शोभा बने हुए हैं, वहीं लोक संस्कृति के रंग-बिरंगे रूपों ने सभी मेलों में रंग भर दिए हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालक प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल ने बताया कि उपायुक्त कोमल मित्तल और मेला अधिकारी-सह-अतिरिक्त उपायुक्त विकास सोनम चौधरी के नेतृत्व में, रंग-बिरंगे पंजाब के निर्माण के लिए विरासती लोक नृत्यों और लोक कलाओं को एक पूर्ण मंच भी प्रदान किया जा रहा है। मालवा कला एवं संस्कृति समिति, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर के बाबाओं ने पुरुषों का गिद्दा बजाकर सभी मेलियों को नचाया।

प्रीतम सिंह रूपल के नेतृत्व में, 70 वर्ष की आयु पार कर चुके बाबाओं ने मालवा की पारंपरिक बोलियों के साथ पंजाब की समृद्ध विरासत और संस्कृति का खूबसूरती से चित्रण किया। मुख्य अतिथि पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां, जो पंजाब के गांवों की जीवंतता, लोक कलाओं और मालवा बोलियों की मधुर नोक-झोंक का संगम देखकर प्रसन्न हुए, ने 11,000 रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। प्रो. अंताल ने कहा कि बलवीर सिंह भीउरा, प्रीतम रूपल और भोला कल्हरिया की टीम पंजाब की विरासत को संजोकर रखने और उसे अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# नाईपर, मोहाली में हरित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



नाईपर मोहाली 17 से 18 नवंबर, 2025 तक दो दिवसीय हरित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन शिज़ुओका विश्वविद्यालय (जापान), यूनिवर्सिटी टेक्नोलोजी मलेशिया, यूनिवर्सिटी पुत्र मलेशिया - कुआलालंपुर (मलेशिया) और यूनिवर्सिटस गडजाह मांड़ा (इंडोनेशिया) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्रैन्यूल्स इंडिया लिमिटेड प्रायोजक साझेदार है। शिज़ुओका विश्वविद्यालय, जापान के प्रो. नबुयुकी मेज़ ने हरित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के इतिहास का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने बताया कि पहला आई.सी.जी.एस.टी वर्ष 2021 में शिज़ुओका विश्वविद्यालय, जापान द्वारा ऑनलाइन आयोजित किया गया था तथा दूसरा आई.सी.जी.एस.टी-2023, यू.टी.एम कुआलालंपुर, मलेशिया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आई.सी.जी.एस.टी-2025 के आयोजन सचिव, प्रो. इंदर पाल सिंह ने बताया कि आई.सी.जी.एस.टी की यात्रा अत्यंत प्रेरणादायक रही है और इसमें निरंतर और अधिक देश शामिल हो रहे हैं । उन्होंने कहा कि यह विविधतापूर्ण सहभागिता विश्वभर के वैज्ञानिकों और विद्वानों की अंतरराष्ट्रीय सहयोग भावना को दर्शाती है, जो हरित एवं सतत प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के साझा लक्ष्य के लिए एक मंच पर आए हैं। सम्मेलन में 100 से अधिक प्रतिभागी, 33 पोस्टर प्रस्तुतियां, 9 मौखिक प्रस्तुतियां, 14 आमंत्रित व्याख्यान तथा आठ मुख्य वक्ता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच नवीन विचारों तथा उभरते शोध को साझा करने का एक जीवंत अवसर प्रदान करता है। नाईपर, मोहाली के निदेशक एवं आई.सी.जी.एस.टी-2025 के अध्यक्ष, प्रो. दुलाल पांडा ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत करते हुए कहा की यह उनके लिए गौरव और हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया कि नाईपर -मोहाली देश का पहला फार्मा संस्थान है, जिसे विश्व-स्तरीय फार्मा संस्थान स्थापित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संस्थान फार्मा के सभी क्षेत्रों में मास्टर्स तथा पी.एच.डी की उपाधियां प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कार्बन फुटप्रिंट प्रतिदिन बढ़ रहा है और अब हमें इसकी स्थिरता पर गंभीरता से विचार करना होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन नए विचारों को जन्म देगा और नई अवधारणाओं को आकार देगा। प्रो. इप्सिता रॉय, डीन (कार्यवाहक), नाईपर, मोहाली ने अपने संबोधन में कहा कि सस्टेनेबिलिटी अब केवल एक प्रचलित शब्द नहीं रह गया है, बल्कि इसका वास्तविक जीवन में गहरा महत्व है। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबिलिटी का ज्ञान युवाओं के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है, जो उनके प्रयोगों में भी स्थिरता की भावना को विकसित करेगा।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला सैनिक बोर्ड की त्रैमासिक बैठक की आयोजित



प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

जिला सैनिक बोर्ड, एस.ए.एस नगर की त्रैमासिक बैठक आज उपायुक्त कार्यालय में गीतिका सिंह, आई.ए.एस, अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में, ग्रुप कैप्टन दविंदर सिंह ढिल्लों, जिला रक्षा सेवा कल्याण अधिकारी, एसएएस नगर ने विभाग के चल रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, 01.04.2025 से 30.09.2025 तक कार्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से सदन को अवगत कराया।

बैठक के दौरान, अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला रक्षा सेवा कल्याण अधिकारी द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करने के आदेश दिए। बैठक के दौरान, जिला रक्षा सेवा अधिकारी ग्रुप कैप्टन दविंदर सिंह ढिल्लों ने कार्यालय में स्थापित कानूनी क्लिनिक के बारे में भी जानकारी दी।

इस बैठक के दौरान, अंग्रेज सिंह उप जिला शिक्षा अधिकारी ,परमिंदर कौर, जिला शिक्षा अधिकारी ,मनजोत सिंह, एएसआई, पंजाब पुलिस, दविंदर सिंह एसडीएम कार्यालय, रणधीर सिंह, अधीक्षक और कार्यालय कर्मचारी उपस्थित थे।

# डिप्टी मेयर बेदी ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को कड़ी चेतावनी दी, वृद्धाश्रम निर्माण के लिए भेजा अवमानना नोटिस

## गमाडा ने अभी तक मोहाली में आवंटित भूमि का नहीं दिया कब्ज़ा, अदालती आदेश का पालन न करने पर दोनों राज्यों से 4 हफ्तों के भीतर जवाब मांगा

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



मोहाली कारपोरेशन के डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी के वकीलों रंजीवन सिंह, रिपुदमन सिंह रूप, कनिका तूर, रिशम राग सिंह और हुसनदीप सिंह ने पंजाब और हरियाणा सरकार के शीर्ष अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 2014 में दायर एक जनहित याचिका के संदर्भ में है, जिसमें प्रत्येक ज़िले में कम से कम एक सरकारी वृद्धाश्रम के निर्माण की मांग की गई थी। अदालत ने तब निर्देश जारी किया था कि वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007 के अनुसार, प्रत्येक ज़िले में समर्पित वृद्धाश्रम का निर्माण करना राज्य सरकारों का कर्तव्य है। 2019 में पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह 2022 तक 21 वृद्धाश्रम तैयार कर लेगी, जबकि हरियाणा सरकार ने हलफनामे के ज़रिए 2024 तक अपने सभी ज़िलों में आश्रम बनाने का आश्वासन दिया था। लेकिन नोटिस में कुलजीत सिंह बेदी ने साफ़ आरोप लगाया है कि दोनों राज्य सरकारों ने अभी तक अदालती वादे के मुताबिक़ कार्रवाई नहीं की है और न ही अदालत में ज़रूरी रिपोर्ट पेश की है। कुलजीत सिंह बेदी ने कहा कि पंजाब सरकार ने 2021 में एक नोटिस जारी कर आश्रम चलाने के लिए गैर-सरकारी संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए थे, लेकिन नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि क़ानून के अनुसार वृद्धाश्रम बनाने की ज़िम्मेदारी पूरी तरह से राज्य सरकार की है, इसे गैर-सरकारी संगठनों पर थोपना अदालती आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि मोहाली ज़िले के मामले में सेक्टर 78 में वृद्धाश्रम के लिए 2.92 एकड़ ज़मीन मुफ़्त हस्तांतरण के लिए 29.09.2023 को मंज़ूर की गई थी, जबकि सामाजिक सुरक्षा विभाग ने इसे 08.11.2023 को स्वीकार किया था। इसके बावजूद, 2023 से 2025 तक ज़मीन हस्तांतरित नहीं हो सकी। विभाग ने 10.12.2024 और 24.02.2025 को अनुस्मारक जारी किए, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। नोटिस के अनुसार, वर्तमान में केवल 3 ज़िलों - होशियारपुर, बरनाला और मानसा में ही कुछ काम हुआ है, जबकि 22 ज़िलों में कोई प्रगति नहीं हुई है। हरियाणा सरकार ने भी 2024 की समय सीमा बीत जाने के बावजूद कोई स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। नोटिस में राज्यों और केंद्र सरकार दोनों को न्यायालय के आदेशों के अनुसार कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने, मोहाली की ज़मीन तुरंत हस्तांतरित करने और प्रत्येक ज़िले में वृद्धाश्रम बनाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया गया है। ऐसा न करने पर न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी गई है।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को समर्पित गुरमत समागम

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मति दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को समर्पित एक भव्य गुरमत समागम का आयोजन यूथ सर्विसेज क्लब द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर साहिब के सहयोग से गुरुद्वारा साहिब गांव बठलाना में किया गया। इन आयोजनों के बारे में जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष सुखबीर सिंह सुक्खा महासचिव ,हरदीप सिंह हैप्पी, अमृत पाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसके बाद बच्चों को नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गुरबाणी कीर्तन के दौरान भाई बंत सिंह गुडाने वाले और भाई अवतार सिंह गीगे माजरे वाले के बच्चों के जत्थों द्वारा शब्द गायन किया गया। भाई जतिंदर सिंह प्रचारक अम्ब साहिब ने कथा चर्चा की। इसके बाद भाई हर नारायण सिंह लाहिड़ी के ढाडी जत्थे ने गुरु साहिब के जीवन पर ढाडी वार सुनाकर संगत को निहाल किया। गुरु के लंगर खूब बरसे। इस अवसर पर परमिंदर सिंह सुहाना वरिष्ठ अकाली नेता बीबी परमजीत कौर लांडरां, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य, अकाली नेता हरविंदर सिंह सुहाना, बलजीत सिंह, डेयरी वर्कर हरदीप सिंह बठलाना, हरपाल सिंह, सरपंच मोहन सिंह, ठेकेदार करमजीत सिंह, पूर्व सरपंच वजीर सिंह, पूर्व सरपंच सुरमुख सिंह, ज्ञानी निर्मल सिंह, जरनैल सिंह, नागर सिंह, बलजीत सिंह, सतनाम सिंह, हरविंदर सिंह, बलजिंदर कौर, पंच, पंच मनप्रीत सिंह, पंच, हरजीत सिंह आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# फिल्म इंडस्ट्री में रचनात्मक आजादी जरूरी : हुमा कुरैशी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने फिल्मों और ओटीटी सीरीज के जरिए अलग पहचान बनाई है। वह हमेशा उन कलाकारों में से रही हैं, जो न सिर्फ चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को स्वीकार करती हैं, बल्कि अपनी सोच और पसंद के अनुसार काम करने की आजादी को सबसे आगे रखती हैं। इस कड़ी में जागरण फिल्म फेस्टिवल के दौरान आईएएनएस से खास बातचीत में हुमा ने फिल्म इंडस्ट्री में रचनात्मक आजादी के महत्व पर अपने विचार रखे। आईएएनएस से बात करते हुए हुमा कुरैशी ने कहा कि एक मजबूत फिल्म इंडस्ट्री तभी संभव है, जब हर तरह की फिल्में बनाने का मौका मिले। इंडस्ट्री में सिर्फ बड़ी फिल्में या ब्लॉकबस्टर ही नहीं, बल्कि छोटी, मध्यम दर्जे की और इंडिपेंडेंट फिल्मों की भी काफी अहमियत होती है। फिल्म निर्माता दर्शकों को ध्यान में रखते हुए नई कहानी और शैली में तरह-तरह के प्रयोग कर सकते हैं। ऐसा करने से न केवल इंडस्ट्री मजबूत बनती है, बल्कि दर्शकों को भी अलग-अलग तरह की फिल्मों का अनुभव मिलता है।''

उन्होंने कहा, ''हमें दर्शकों को देखकर फिल्म बनानी चाहिए। बड़ी फिल्में बननी चाहिए, छोटी फिल्में, सामान्य फिल्में, और इंडिपेंडेंट फिल्मों पर भी ध्यान देना चाहिए। जब हर तरह की फिल्मों को बनाने की आजादी होती है और लोग उन्हें देखने का मौका पाते हैं, तब ही फिल्म इंडस्ट्री मजबूत और जीवंत बनती है।''

हुमा ने 'दिल्ली क्राइम सीजन 3' में अपने खलनायिका के रोल के बारे में भी बात की। उन्होंने आईएएनएस को बताया कि यह उनके करियर में पहली बार था, जब उन्होंने इस तरह का नकारात्मक किरदार निभाया है। जब उन्हें इस शो के लिए कॉल आया, तो वह उस समय 'महारानी' की शूटिंग कर रही थीं। उन्होंने कहा, ''मैं इस शो को लेकर पहले सोच रही थी कि शायद मुझे पुलिस वाले का मुख्य रोल मिलेगा, लेकिन मुझे बताया गया कि यह एक नेगेटिव रोल है।'' हुमा ने कहा, ''खलनायिका का रोल निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसे करने में बेहद मजा आया। दर्शक इस किरदार में मुझे एक बिल्कुल अलग अंदाज में देखेंगे। 'महारानी' और 'दिल्ली क्राइम' जैसे दोनों शोज लगातार आने की वजह से मुझे रोजाना कई कॉल और मैसेज मिल रहे हैं, जिसमें लोग दोनों किरदारों की तारीफ कर रहे हैं।''

# भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी का धमाकेदार डांस देख फैंस रह गए दंग



**मुंबई।** 'बिग बॉस' से बाहर आने के बाद भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी की लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सोशल मीडिया पर वह पहले से कहीं ज्यादा एक्टिव नजर आ रही हैं और फैंस के साथ अपने खास पलों को शेयर कर रही हैं। नीलम ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अपने गाने 'देवरा छोहारा लागे' पर डांस करती दिख रही हैं। फैंस इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। वीडियो में नीलम गिरी को बेहद आत्मविश्वास से भरपूर देखा जा सकता है। वह गाने के हर एक बीट पर पूरे जोश के साथ डांस करती दिख रही हैं। उनके एक्सप्रेशन और डांस स्टेप्स बेहद जबरदस्त हैं। उनका हर मूवमेंट म्यूजिक के साथ पूरी तरह मेल खा रहा है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को फैंस खूब देख रहे हैं और जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। 'देवरा छोहारा लागे' गाने की बात करें, तो इसे शिल्पी राज ने गाया है। वहीं, आशुतोष तिवारी ने गाने के बोल लिखे हैं और म्यूजिक प्रियांशु सिंह का है। निर्देशक और कोरियोग्राफर की जिम्मेदारी रौनक राउत ने निभाई है।

नीलम गिरी की जर्नी की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टिकटॉक से की थी, जहां उनकी वीडियोज को सुपरस्टार पवन सिंह ने नोटिस किया और उन्हें ब्रेक दिया। इसके बाद उन्होंने अपना पहला भोजपुरी गाना 'धनिया हमार नया बाड़ी हो' किया, जो हिट साबित हुआ। इस गाने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

साल 2021 में उन्होंने भोजपुरी फिल्म 'बाबुल' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर डेब्यू किया, और इसके बाद 2022 में तीन और फिल्मों 'इज्जत घर', 'टुन टुन' और 'कलाकंद' में काम किया। 'यूपी-61 लव स्टोरी ऑफ गाजीपुर' और 'जस्ट मैरिड' भी उनकी सफल फिल्मों में शामिल हैं। वह 'निमिया पर आसन', 'मच्छारी के कंट के नथुनिया', और 'कुंवारे रहब' जैसे म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं।

# बतौर हेड कोच राजस्थान रॉयल्स में कुमार संगकारा की वापसी



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच के रूप में श्रीलंकाई दिग्गज क्रिकेटर कुमार संगकारा की टीम में वापसी हुई है। इसी के साथ संगकारा क्रिकेट निदेशक के रूप में भी अपनी भूमिका जारी रखेंगे। इस बीच फ्रेंचाइजी ने विक्रम राठौर को मुख्य सहायक कोच के पद पर पदोन्नत किया है, जबकि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच बने रहेंगे। इनके अलावा, ट्रेवर पेनी सहायक कोच और सिड लाहिड़ी प्रदर्शन कोच के रूप में वापसी करेंगे। संगकारा की नियुक्ति को लेकर फ्रेंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बडाले ने कहा, "जब हमने विचार किया कि इस समय टीम को क्या चाहिए, तो हमें लगा कि टीम के साथ उनकी सहजता, उनका नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर की उनकी गहरी समझ निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन लाएगी।" उन्होंने कहा, "एक लीडर के रूप में हमें कुमार (संगकारा) पर हमेशा पूरा भरोसा रहा है। उनकी स्पष्टता, धैर्य और क्रिकेट की समझ टीम को अगले चरण में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।"

कुमार संगकारा इससे पहले साल 2021 से 2024 के बीच टीम के हेड कोच के रूप में कार्यरत थे। उनके मार्गदर्शन में राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2022 का फाइनल खेलने के बाद आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में जगह बनाई थी।

इसके बाद आईपीएल 2025 में राहुल द्रविड़ ने यह पद संभाला, लेकिन एक ही सीजन के बाद ही द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच पद से इस्तीफा दे दिया। आईपीएल 2025 में राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। यह टीम 14 में से सिर्फ 4 मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में नौवें पायदान पर रही।

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल इतिहास में अब तक सिर्फ एक बार खिताब अपने नाम किया है। इस टीम ने साल 2008 में आईपीएल इतिहास का पहला सीजन जीता था, जिसके बाद साल 2022 के फाइनल में पहुंचकर उसे गुजरात टाइटंस के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

# धीरे-धीरे कम होंगे डार्क सर्कल्स, अपनाएं ये दो मिनट की असरदार फेस एक्सरसाइज

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में हम सेहत को पीछे छोड़ते हुए जा रहे हैं। खासकर मानसिक थकान, नींद की कमी और गलत खानपान की वजह से हमारी त्वचा और आंखों के नीचे पड़ने वाले काले घेरे यानी डार्क सर्कल्स एक आम समस्या बन चुके हैं। चाहे वो ऑफिस में लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना हो या फिर देर रात तक मोबाइल चलाना, इन सब चीजों के कारण डार्क सर्कल्स और भी गहरे होते जाते हैं, जो चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ते हैं। ऐसे में हर कोई इससे निजात पाना चाहता है, वो भी बिना किसी महंगे इलाज या केमिकल प्रोडक्ट्स के। आयुष मंत्रालय और योग विशेषज्ञों के अनुसार, कुछ आसान घरेलू उपाय और फेस एक्सरसाइज न केवल डार्क सर्कल्स से राहत दिला सकती हैं, बल्कि चेहरे की त्वचा को भी जवान और दमकता हुआ बना सकती हैं।

इन्हीं में से एक बेहद सरल लेकिन प्रभावी उपाय है चेहरे की एक खास एक्सरसाइज, जिसे आप दिन में कभी भी कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज को न तो किसी खास उपकरण की जरूरत होती है, न ही किसी महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट की।

इस एक्सरसाइज की शुरुआत गुनगुने पानी से होती है। सबसे पहले, एक गिलास हल्का गुनगुना पानी लें और उसे मुंह में भर लें। अब, मुंह में पानी भरे रहने के दौरान अपने चेहरे की सभी मांसपेशियों को जितना हो सके टाइट करें। इस स्थिति में करीब दो मिनट तक रुकें। इसके बाद पानी को बाहर निकाल दें। दिखने में यह एक्सरसाइज जितनी आसान लगती है, असर में यह उतनी ही दमदार है।

यह प्रक्रिया चेहरे की भीतरी मांसपेशियों को हल्की स्ट्रेच देती है, जिससे वहां ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। जब चेहरे की



कोशिकाओं तक भरपूर ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचते हैं, तो त्वचा स्वाभाविक रूप से स्वस्थ और दमकती दिखती है। आंखों के नीचे की सूजन धीरे-धीरे कम होने लगती है और काले घेरे हल्के पड़ने लगते हैं। इसके अलावा, चेहरे को टाइट करने से स्किन की टोनिंग होती है, जिससे झुर्रियों की शुरुआत भी रोकी जा सकती है।

इस एक्सरसाइज को रोजाना दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी जाती है, खासकर उनके लिए जो दिनभर स्क्रीन के सामने रहते हैं या जिनकी नींद पूरी नहीं हो पाती। ऐसे लोगों में डार्क सर्कल्स का खतरा कई गुना ज्यादा होता है, क्योंकि लगातार थकान और नींद की कमी से आंखों के नीचे की त्वचा सबसे पहले प्रभावित होती है।

फेस टाइटनिंग एक्सरसाइज न केवल इस क्षेत्र की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि मानसिक सुकून भी देती है। जब हम इसे करते हैं, तब हम अनजाने में कुछ देर के लिए गहरी सांसें भी लेने लगते हैं, जिससे शरीर और दिमाग को शांति मिलती है। यह भी एक वजह है कि इसे एक तरह का माइक्रो मेडिटेशन भी कहा जा सकता है, जो चेहरे पर भी असर करता है और मन पर भी।

# न्यू पब्लिक स्कूल में राव जय सिंह और शांता एच. सिंह स्मृति बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**चंडीगढ़।** सेक्टर 18 स्थित द न्यू पब्लिक स्कूल में आयोजित शांता एच. सिंह (बालिका) और राव जय सिंह (बालक) स्मृति बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल बेहद रोमांचक मुकाबलों के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल जगबीर सिंह चीमा, PVSM, AVSM, VSM, PhD ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। लड़कियों के वर्ग के फाइनल में जीएमएसएसएस सरकाघाट (मंडी), हिमाचल प्रदेश ने मेजबान टीम को 66–41 से पराजित करते हुए खिताब जीता। विजेता टीम की ओर से दिया ने 24 अंक दागे, जबकि एनपीएस की तारा ने 22 अंक जुटाए। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में गुरु नानक पब्लिक स्कूल ने सेक्रेड हार्ट को 81–39 से हराया। इस मैच में जसमीरा ने 24 अंक बनाए, जबकि विपक्ष की ओर से स्माया ने अच्छा प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में एनपीएस की तरन्नुम को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सरकाघाट की कव्या शर्मा को उदीयमान खिलाड़ी चुना गया। लड़कों के वर्ग के फाइनल में गुरुकुल ग्लोबल स्कूल, मनीमाजरा ने द न्यू पब्लिक स्कूल को 68–50 से हराकर खिताब अपने नाम किया। गुरुकुल की जीत में अज्जू के 26 अंक निर्णायक रहे, जबकि एनपीएस के अर्हमार ने मुकाबले का सर्वाधिक 29 अंक बनाए। तीसरे स्थान के लिए पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अमृतसर ने द एशियन स्कूल, देहरादून को 56–43 से मात दी। इस मैच में गौतम और नमन ने क्रमशः 24 और 22 अंक जोड़े।

लड़कों के वर्ग के व्यक्तिगत पुरस्कारों में गुरुकुल के उज्ज्वल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, जबकि एनपीएस के अनिक को उदीयमान खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेता टीमों को ट्रॉफियों के साथ नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए — प्रथम स्थान 21,000, द्वितीय 18,000 और तृतीय 15,000। वहीं, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और प्रॉमिसिंग प्लेयर को क्रमशः 1,500 और 1,000 की नकद राशि से सम्मानित किया गया। उत्तम आयोजन और खिलाड़ियों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के साथ, द न्यू पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर स्कूल-स्तरीय बास्केटबॉल उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया।

# माइकल वॉन की भविष्यवाणी, 2-2 से बराबरी पर खत्म होगी एशेज सीरीज



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज की शुरुआत 21 नवंबर से पर्थ में होने जा रही है। इस सीरीज में पांच मुकाबले खेले जाने हैं। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने भविष्यवाणी की है कि एशेज सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म होगी, जबकि एक मैच ड्रॉ रहेगा। माइकल वॉन का कहना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लिश टीम पर्थ में सीरीज के पहले मैच में जीत हासिल करेगी, जिसकी वजह ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पैट कमिंस और जोश हेजलवुड का इस मैच से बाहर होना है। माइकल वॉन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "अगर बेन स्टोक्स फिट रहते हैं, तो मुझे लगता है कि यह सीरीज 2-2 से बराबर रहेगी। इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में पैट या जोश की गैरमौजूदगी में जीतेगी। अगर सीरीज के पहले टेस्ट से पूर्व कोई खिलाड़ी चोटिल नहीं होता, तो यही मेरी आखिरी भविष्यवाणी है।"

पैट कमिंस फिलहाल पीठ की चोट से उबर रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाज हेजलवुड को शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान विक्टोरिया के खिलाफ न्यू साउथ वेल्स की ओर से खेलते हुए हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई।

शनिवार को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा था कि जोश हेजलवुड के बाहर होने के बाद, एशेज के पहले मैच में मेहमान इंग्लैंड की स्थिति बेहतर है।

वॉन ने कहा था, "ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हेजलवुड और कमिंस पहले टेस्ट से बाहर हैं। यह शुरुआती संकेत हैं कि बड़ी सीरीज जीतने के लिए जरूरी तेज गेंदबाजी इंग्लैंड के पक्ष में जा रही है। पर्थ में उनके लिए एक अंक आगे जाने का बड़ा मौका है।"

इस वक्त ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल स्टार्क एकमात्र पूरी तरह से फिट पहली पसंद के तेज गेंदबाज हैं, जबकि स्कॉट बोलैंड बैकअप खिलाड़ी के रूप में हैं।

हेजलवुड के चोटिल होने की वजह से ऑस्ट्रेलिया दोनों ऑलराउंडर्स कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर को तेज गेंदबाज के रूप में मौका देने पर पर विचार कर सकता है।

# लुधियाना में एनआईए की छापेमारी, डॉक्टर का मोबाइल-लैपटॉप जब्त

अशवनी पाहवा/सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़




फोटो, डॉक्टर आलम का क्लीनिक

दिल्ली के लाल किले के बाहर हाल ही में हुए धमाके की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) इस मामले में देशभर में छापेमारी कर रही है।
फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी इस पूरी जांच के बीच केंद्र में आ गई है, क्योंकि यहां पढ़ाने वाले कुछ प्रोफेसरों के संदिग्ध संबंध सामने आने के बाद अब यूनिवर्सिटी के छात्रों और डॉक्टरों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। इसी दौरान लुधियाना के डॉक्टर जान निसार आलम भी जांच के दायरे में आ गया। एनआईए ने उसे दिल्ली में बुलाकर पूछताछ की, इससे पहले 13 नवंबर को टीम ने लुधियाना के बाल सिंह नगर स्थित उसकी क्लिनिक और घर पर छापा मारा। उस समय डॉक्टर क्लिनिक में मौजूद नहीं था। परिवार ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के डालखोला में रिश्तेदारी में गए हुए थे। एजेंसी ने वहां कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया, पूछताछ की और बाद में छोड़ दिया। पूछताछ के दौरान एनआईए ने उनका मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त कर लिया है, जिनकी तकनीकी जांच जारी है। एजेंसी ने डॉक्टर को स्पष्ट निर्देश दिया है कि जांच में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उपस्थित होना होगा। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर जिस दिन धमाका हुआ, उसी दिन लुधियाना से बंगाल के लिए रवाना हुए थे, जिसके चलते एजेंसी उनकी गतिविधियों की गहराई से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार डॉक्टर की क्लिनिक कई दिनों से बंद थी और सामान्य तौर पर उनके पिता ही मरीजों को दवाइयां देते थे। डॉक्टर के पिता ने बताया कि जान निसार ने 2020 में एमबीबीएस में दाखिला लिया था और हाल ही में इंटर्नशिप पूरी की है। वह एआईआईएमएस-नीट पीजी की तैयारी कर रहा था। जिस कारण वह क्लिनिक पर कम समय दे पाता था। परिवार ने कहा कि एजेंसियों को हर संभव सहयोग दिया जा रहा है।
जांच एजेंसियों को शक है कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी को एक मॉड्यूल ने लॉजिस्टिक सहयोग और कट्टरता फैलाने के केंद्र के रूप में उपयोग किया। एनआईए अब यहां के 22 डॉक्टरों और छात्रों की भूमिका की जांच कर रही है। कई संदिग्ध अब भी भूमिगत बताए जा रहे हैं। दिल्ली ब्लास्ट की जांच में एनआईए के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, फरीदाबाद क्राइम ब्रांच, जम्मू-कश्मीर पुलिस और यूपी एटीएस भी शामिल हैं।
एजेंसियों ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी को अस्थायी कमांड कंट्रोल सेंटर बना लिया है। यहां आने-जाने वाले सभी लोगों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है और वाहनों की तलाशी भी की जा रही है। इस बीच ईडी भी यूनिवर्सिटी के वित्तीय लेन-देन और जमीन के दस्तावेजों की जांच कर रही है।

## रजाई में छिपाकर अफीम भेजने की कोशिश नाकाम




समर न्यूज़ | लुधियाना

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की लुधियाना जोनल यूनिट ने डीएचएल एक्सप्रेस, ढंढारी कलां से एक संदिग्ध पार्सल को इंटरसेप्ट कर तस्करी की एक बड़ी कोशिश विफल कर दी। यह पार्सल पंजाब के फिरोजपुर से कैलिफोर्निया भेजा जा रहा था। जांच के दौरान अधिकारियों ने पार्सल में रखी गई एक रजाई की बारीकी से तलाशी ली। रजाई के भीतर चार पैकेट छिपाए गए थे, जिन्हें कार्बन पेपर और पारदर्शी टेप से लपेटकर घरेलू व खाद्य सामग्री के नाम पर भेजने की कोशिश की गई थी। डीआरआई की टीम ने इन चार पैकेटों से कुल 735 ग्राम अफीम बरामद की। बरामद मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# लुधियाना के प्राइवेट अस्पताल में मरीज की मौत पर हुआ हंगामा

## परिजनों का आरोप, कंपाउंडर ने रंजिश के चलते लगाया गलत इंजेक्शन

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़




फोटो, मृतक की फोटो

गांव मुल्लांपुर में रविवार देर रात एक निजी अस्पताल में उस समय हंगामा हो गया जब एक मरीज की अचानक मौत पर परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का दावा है कि कंपाउंडर ने रंजिशन गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे मरीज की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल के बाहर भारी तनाव हो गया, जहां मृतक परिजनों ने गांव वालों के साथ मौके पर पहुंचकर अस्पताल के खिलाफ नारेबाजी की।
जानकारी के अनुसार, 48 वर्षीय करनैल सिंह निवासी गांव देतवाल को ब्लड सेल्स कम होने की समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के मुताबिक करनैल सिंह की सेहत में सुधार हो रहा था और उनके शरीर में करीब पांच हजार नए ब्लड सेल्स बन चुके थे। परिजनों का कहना है कि मरीज छुट्टी की मांग कर रहा था और खुद को पूरी तरह स्वस्थ महसूस कर रहा था, लेकिन अस्पताल स्टाफ उसे डिस्चार्ज नहीं कर रहा था।
परिवार के अनुसार मरीज और कंपाउंडर के बीच कहासुनी हो गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि बहस के दौरान कंपाउंडर ने मरीज को धमकी दी थी और इसी रंजिश में गलत इंजेक्शन लगाकर उसकी जान ले ली। करनैल सिंह अपने पीछे तीन बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें दो शादीशुदा बेटियां और एक बेटा शामिल है। वहीं, अस्पताल के कंपाउंडर ने आरोपों से इंकार किया। उसने बताया कि मरीज बार-बार हाइपर हो रहा था और खुद व स्टाफ को धमकियां दे रहा था, जिसके कारण उसके हाथ-पैर बांधने पड़े। उसने कहा कि जो गलती उससे हुई है वह स्वीकार करता है, लेकिन मरीज से उसकी कोई निजी दुश्मनी नहीं थी।
**पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव**
घटना की सूचना मिलते ही थाना मुल्लांपुर की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने डॉक्टरों और स्टाफ के खिलाफ लापरवाही की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कंपाउंडर के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
इस संबंध में थाना मुल्लापुर के जांच अधिकारी एएसआई इंदरजीत सिंह ने बताया कि फिलहाल मृतक के शव को सिविल अस्पताल में रखवाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अगली करवाई की जाएगी।

## हिंदी दैनिक के वरिष्ठ पत्रकार रिंकू दानी के पिता सुरिंदर मोहन दानी के पाठ का भोग

समर न्यूज़ | लुधियाना



हिंदी दैनिक पेपर के वरिष्ठ पत्रकार रिंकू दानी के पिता सुरिंदर मोहन दानी का रविवार 16 नवंबर को निधन हो गया। उनके जाने से परिवार, संबंधियों, परिचितों और पत्रकारिता जगत में गहरा शोक व्याप्त है। परिवार ने बताया कि स्वर्गीय मोहन दानी की आत्मिक शांति के लिए श्री गरुड़ पुराण पाठ का भोग एवं रस्म पगड़ी का आयोजन 19 नवंबर 2025, बुधवार को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक श्री दुर्गा माता मंदिर, फेज-1, दुगरी (निकट पानी वाली टंकी एवं टेलीफोन एक्सचेंज) लुधियाना में किया जाएगा।

# क्लैरिटी आई लेजर्स आधुनिक दृष्टि सुधार केंद्र का हुआ उद्घाटन

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



स्वतंत्र लेज़र दृष्टि सुधार केंद्र का उद्घघाटन करते हुए मंत्री संजीव अरोड़ा, डॉ. अनुराग बंसल, डॉ. दिनेश, डॉ. हरप्रीत और डॉ. एच.पी. सिंह।

अत्याधुनिक तकनीक से लैस पंजाब का पहला स्वतंत्र लेजर दृष्टि सुधार केंद्र क्लैरिटी-आई लेजर्स शुरू किया गया है। छह वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों की संयुक्त पहल पर स्थापित इस केंद्र का शुभारंभ पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने किया। जिसमें शहर के कई डॉक्टर, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि विश्व-स्तर की नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि ऐसा केंद्र पंजाब में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा और लोगों को सुरक्षित, आधुनिक तथा सटीक दृष्टि सुधार समाधान प्रदान करेगा। केंद्र में दो उन्नत तकनीकें एक ही स्थान पर उपलब्ध की गई हैं। फेम्टो-कंटूरा दृष्टि सुधार प्रक्रिया और रेशेदार परत निकालने वाली माइक्रो-चीरे वाली आधुनिक तकनीक।
जॉनसन एंड जॉनसन द्वारा विकसित प्रणाली के माध्यम से होने वाली माइक्रो-चीरे वाली प्रक्रिया में मात्र 3 मिलीमीटर का सूक्ष्म कट लगाया जाता है, जिससे आंख में सूखापन कम होता है और कॉर्निया अधिक मजबूत रहता है। वहीं, फेम्टो-कंटूरा तकनीक विशेष रूप से उच्च सिलेंड्रिकल नंबर या पॉज़िटिव पावर वाले मरीजों के लिए अधिक सटीक और व्यक्तिगत इलाज प्रदान करती है।
केंद्र की स्थापना डॉ. अनुराग बंसल, डॉ. दिनेश, डॉ हरप्रीत, डॉ. एचपी सिंह, डॉ साहिल गोयल और डॉ. सुवीन गुप्ता के सहयोग से की गई है। सभी विशेषज्ञों के पास वर्षों का अनुभव और हजारों सफल सर्जरी का रिकॉर्ड है, जो इस संस्था की विश्वसनीयता को और मजबूत बनाता है। वहीं विशेषज्ञों ने बताया कि उनका उद्देश्य दृष्टि सुधार प्रक्रियाओं से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को सुरक्षित तरीकों के बारे में जागरूक करना है। कई मरीजों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रक्रिया अत्यंत सरल रही और उन्हें तुरंत स्पष्ट दृष्टि मिल गई।

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा लुधियाना पहुंचे



राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा सोमवार को लुधियाना स्थित साउथ सिटी यूथ भाजपा नेता मोहित सूद के निवास स्थान पर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की।लालपुरा ने 22 नवंबर रूप नगर में होने वाले गुरू गोबिंद सिंह चेरिटेबल कैंसर अस्पताल के उद्घाटन का निमंत्रण पत्र भी दिया। इस दौरान मौक़े पर भाजपा सीनियर नेता गुरुदीप सिंह गोशा व अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## तेज रफ्तार टिप्पर ने स्कूटी सवार मां-बेटी को रौंदा

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

समराला के पास एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटी को तेज रफ्तार टिप्पर ने कुचल दिया। हादसे में राजमीत कौर (34) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी सृष्टि कौर (9) गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को पहले समराला सिविल अस्पताल लाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मां-बेटी गुरुद्वारा श्री देगसर साहिब (कटाना साहिब) में माथा टेककर स्कूटी से वापस घर लौट रही थीं। जैसे ही वे बरधाला मोड़ के पास पहुंचीं, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टिप्पर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद टिप्पर स्कूटी समेत मां-बेटी को रौंदते हुए आगे निकल गया।टिप्पर का टायर राजमीत कौर के सिर पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बच्ची के दोनों पैर गंभीर रूप से कुचले गए। बरधाला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हादसा करने वाला ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।

# निगम वेबसाइट पर विधायक, पार्षद की सूची सर्च करने पर मिलता है जानकारी उपलब्ध नहीं है

## वेबसाइट पर विधायकों और पार्षदों की जानकारी की लिस्ट जारी नहीं कर पाया निगम

सुनील शिंगार/लक्की मेहता | लुधियाना | समर न्यूज़




अगर किसी व्यक्ति द्वारा लुधियाना नगर निगम की वेबसाइट पर महानगर के विधायकों या फिर पार्षदों की जानकारी हासिल करनी हो तो उनको यह जानकारी नहीं मिल सकती। कारण है कि निगम अधिकारियों द्वारा इस जानकारी की सूची जारी ही नहीं की गई। ऐसे में जब भी लुधियाना नगर निगम की सरकारी वेबसाइट पर विधायक या फिर पार्षद के नाम, पते या मोबाइल नंबर के बारे में सर्च किया जाए तो सीधे तौर पर लिखा मिलता है कि जानकारी उपलब्ध नहीं है। जब इस बारे में निगम अधिकारियों से बातचीत की गई तो उन्होंने सीधे तौर पर बताया कि उनको इस बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने यह भी माना कि अगर यह जानकारी उपलब्ध नहीं है तो उसका जल्द ही हल निकाला जाएगा।
बता दें कि निगम क्षेत्र के पार्षदों को चुने लगभग एक साल हो चुका है, जबकि विधायकों का कार्यकाल तीन साल पार कर चुका है। इसके बावजूद नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर आज तक न तो पार्षदों की सूची अपलोड हुई, न ही किसी विधायक का नाम और मोबाइल नंबर उपलब्ध है।
शहर के कई वार्डों के लोग शिकायत कर रहे हैं कि जब उन्हें अपने पार्षद से किसी समस्या को लेकर बात करनी होती है तो वेबसाइट से संपर्क नंबर ही नहीं मिलता। उनका कहना है कि डिजिटल इंडिया की बात करने वाली सरकार और स्थानीय प्रशासन की यह उदासी जनता के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर रही है। नागरिकों का कहना है कि ऑनलाइन जानकारी न होने से शिकायतों का समाधान भी देरी से हो रहा है।
**निगम अधिकारी खुद के पेज रखते है अपडेट**
बात अगर निगम अधिकारियों की करी जाए तो वह खुद के पेज अपडेट रखते हैं। उनके खुद के सोशल मीडिया अकाउंट पर हर तरह की जानकारी उपलब्ध रखी जाती है और उनकी हर गतिविधि भी उक्त पेज पर समय-समय पर डाली जाती है। लेकिन बात जब सरकारी काम की आए तो वहां पर कहीं ना कहीं ढील है। इस बात की भी चर्चा महानगर में है कि जिन लोगों पर सरकारी कामकाज सही ढंग से करने की जिम्मेदारी है वह लोग अपनी जिम्मेदारी में कहीं ना कहीं कोताही रहे हैं। इस संबंध में जब मेयर इंद्रजीत कौर से बात की गई तो उन्होंने कहा, "मैं खुद इस मामले को चेक करवाऊंगी और जल्द से जल्द वेबसाइट को अपडेट करवा दिया जाएगा।

## पुलिस ने साइबर अपराध में इस्तेमाल हो रहे 150 से ज्यादा म्यूल अकाउंट पकड़े

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य में 150 से अधिक सक्रिय म्यूल अकाउंट का खुलासा किया है। इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी के जरिए हासिल किए गए पैसों को प्राप्त करने और आगे ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। सबसे अधिक खाते लुधियाना में पाए जाने के बाद स्टेट साइबर सेल ने लुधियाना कमिश्नरेट के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई है। सीनियर अधिकारियों का कहना है कि ये खाते न सिर्फ ऑनलाइन फ्रॉड गैंग को मदद पहुंचा रहे थे, बल्कि इनके जरिए संगठित अपराधी गिरोह भी अवैध लेन-देन कर सकते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। साइबर क्राइम सेल से मिली जानकारी के आधार पर लुधियाना पुलिस ने इन खातों की जांच शुरू कर दी है और खाते संचालित करने वाले व्यक्तियों की पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और 61(2) (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है।
**पैसे छिपाने के लिए किया जाता है म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल** : म्यूल अकाउंट ऐसे बैंक खाते होते हैं जिनका इस्तेमाल अपराधी चोरी या धोखाधड़ी से हासिल अवैध पैसों को छिपाने या ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। अक्सर लोगों को नौकरी के लालच, ऑनलाइन ऑफ़र या सोशल मीडिया मैसेज के जरिए मनी म्यूल बनाया जाता है। बदले में कमीशन का लालच देकर उनके खातों के ज़रिए अवैध लेन-देन करवाया जाता है। ऐसे खाते ज्यादातर फिशिंग, ऑनलाइन ठगी और अन्य वित्तीय अपराधों से जुड़े होते हैं।

# सीआईए ने अवैध हथियारों के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़



कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत अवैध हथियारों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सीआईए की टीम ने एक आरोपी को काबू किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस टीम ने आरोपी को लुधियाना के जमालपुर के इलाके में से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध हथियार बरामद किया।
सीआईए-2 के इंचार्ज बेअंत जुनेजा के अनुसार आरोपी की पहचान शुभम शर्मा निवासी जालंधर जो काफी समय से लुधियाना में रह रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से 32 बोर का देसी पिस्तौल, मैगज़ीन और दो जिंदा राउंड बरामद किए गए, जिन्हें वह बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से अपने पास रखे हुए था। इस मामले में थाना जमालपुर में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिसके दौरान उससे अवैध हथियारों की सप्लाई नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जाएगी।

कड़ा रुख | सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई चोरी की वारदात

# करियाना दुकान में ग्राहक बनकर आए युवकों ने चुराई आटे की तीन थैलियां

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



सीसीटीवी कैमरों में कैद घटना

दुगरी रोड स्थित जवद्दी इलाके में दो बाइक सवार युवकों द्वारा की गई चोरी की वारदात ने स्थानीय दुकानदारों में दहशत बढ़ा दी है। ग्राहक बनकर आए इन युवकों ने दुकानदार का ध्यान भटकाकर आटे की तीन थैलियां चोरी कर लीं। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।
वारदात शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे गुरु किरपा जनरल स्टोर पर हुई। दुकान मालिक कुनाल बग्गा के अनुसार, दो युवक बाइक पर सवार होकर दुकान के बाहर आकर रुके। इस दौरान एक युवक बाइक पर ही स्टार्ट हालत में खड़ा रहा, जबकि दूसरा अंदर दुकान में दाखिल हुआ। अंदर आए युवक ने सामान्य ग्राहक की तरह दुकानदार से बातचीत की और कुछ सामान दिखाने को कहा। जैसे ही दुकानदार काउंटर के दूसरी ओर सामान निकालने लगा, युवक ने मौका मिलते ही आशीर्वाद ब्रांड के आटे की तीन बोरियां उठा लीं और तेजी से दुकान के बाहर निकल गया। बाहर उसका साथी पहले से तैयार खड़ा था। दोनों युवक कुछ ही सेकंड में बाइक पर बैठकर फरार हो गए। फुटेज में उनकी हरकतें साफ दिख रही हैं। घटना का पता चलते ही दुकान मालिक ने इसकी शिकायत पुलिस को सौंप दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में बढ़ रही ऐसी घटनाओं को लेकर दुकानदारों में सुरक्षा को लेकर चिंता गहराती जा रही है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 73